

पंजाब के पूर्व सीएम एवं पंजाब लोक कांग्रेस पार्टी के प्रमुख कैप्टन अमरिंदर सिंह ने भाजपा के साथ गठबंधन की घोषणा कर दी है। दिल्ली में पंजाब भाजपा चुनाव प्रभारी गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात के बाद कैप्टन ने ट्वीट कर यह जानकारी दी।

# जनहितैषी

हिन्दी दैनिक

R.N.I. No. 63177/95 वर्षः27 अंकः 07 दिनांकः 18-12-2021 शनिवार मूल्य : 100 पैसा पृष्ठः4 अहमदाबाद M



उत्तर भारत के पहाड़ों पर लगातार हिमपात होने से मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ने लगी है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन शीत लहर चलने की आशंका जताई है। इसको लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

## सरकार ने किया आगाह, ओमिक्रोन वैरिएंट को हल्के में न लें, देश में प्रतिदिन 14 लाख तक आ सकते हैं मामले

नई दिल्ली । सरकार ने कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रोन के प्रति लोगों को सावधान करते हुए कहा कि इसे हल्के में नहीं लें। इससे संक्रमित होने वालों में भले ही हल्के लक्षण नजर आ रहे हैं, लेकिन यह तेजी से लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है। सरकार ने इसके लिए अफ्रीका और यूरोप के साथ ही ब्रिटेन जैसे देशों का उदाहरण दिया है, जहां कोरोना के नए मामले रिकार्ड ऊंचाई पर पहुंच गए हैं।

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर) के महानिदेशक डा. बलराम भार्गव ने ओमिक्रोन को लेकर चेतावनी देते हुए कहा कि मामले तेजी से बढ़ने की स्थिति में स्वास्थ्य ढांचे पर बोझ बढ़ना स्वाभाविक है। उन्होंने देश के 24 जिलों में पांच प्रतिशत से अधिक संक्रमण दर पर उचता जताते हुए टेउस्टग बढ़ाकर उसे जल्द से जल्द पांच प्रतिशत के नीचे लाने पर जोर दिया। साथ ही ओमिक्रोन वैरिएंट से संक्रमितों और उनके संपर्कों की तत्काल पहचान कर उन्हें आइसोलेट करने को जरूरी बताया।

दुनिया के कई देशों में कोरोना संक्रमण की भयावह स्थिति के आंकड़े देते हुए डा. पाल ने कहा कि इससे बचने के लिए बार-बार हाथ धोने, उचित दूरी बनाए रखने और मास्क पहनने जैसे पुराने तौर-तरीकों का कड़ाई से पालन करने के साथ ही बेवजह यात्रा से भी बचना चाहिए। उन्होंने लोगों से त्योहारों व अन्य धार्मिक व सामाजिक समारोहों से दूर रहने की अपील की। उनका कहना था कि सर्दियों में वैसे भी वायरस के तेजी से फैलने का खतरा होता है, इसीलिए नए साल के जश्न में भी सावधानी की जरूरत है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने देश और पूरी दुनिया में ओमिक्रोन वैरिएंट के संक्रमण की जानकारी देते हुए कहा कि भारत में 11 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में अभी तक इसके 101 संक्रमितों की पुष्टि हो चुकी है। इनमें महाराष्ट्र में 32, दिल्ली में 22, राजस्थान में 17, कनार्टक व तेलंगाना में आठ-आठ, गुजरात व केरल में पांच-पांच और आंध्रप्रदेश, चंडीगढ़, तमिलनाडु व बंगाल में एक-एक मामले शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सिर्फ बेंगलुरु में एक ऐसा संक्रमित मिला है जिसके विदेश जाने या विदेश से आने वाले किसी व्यक्ति के संपर्क में आने का रिकार्ड नहीं है। इससे साफ है कि देश में अभी ओमिक्रोन वैरिएंट का व्यापक संक्रमण शुरू नहीं हुआ है, लेकिन स्थिति पर कड़ाई से नजर रखी जा रही है।

डा. पाल ने कहा कि पिछले एक हफ्ते में अफ्रीका और यूरोप के कई देशों में स्थिति बदतर हो गई है। दक्षिण अफ्रीका में संक्रमण प्रतिदिन 24,785 के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है, जिनमें 98 प्रतिशत ओमिक्रोन वैरिएंट के मामले मिल रहे हैं। इसी तरह नार्वे में 18 प्रतिशत ओमिक्रोन वैरिएंट के साथ 4,520, कनाडा में 9.6 फीसद ओमिक्रोन वैरिएंट के साथ 7,335 और ब्रिटेन में 2.4 प्रतिशत ओमिक्रोन वैरिएंट के साथ 88,042 केस प्रतिदिन के उच्चतम स्तर तक जा चुका है। उनके मुताबिक यूरोप में यह हालात ज्यादा चिंताजनक इसीलिए भी है कि क्योंकि वहां डेल्टा वैरिएंट का संक्रमण बड़े पैमाने पर हो चुका था और 70-80 फीसद जनसंख्या का टीकाकरण भी हो चुका है। ऐसे में ओमिक्रोन वैरिएंट के कारण संक्रमण का नई ऊंचाई पर पहुंचना खतरनाक संकेत है।

डा. पाल ने कहा कि ब्रिटेन की जनसंख्या के हिसाब से प्रतिदिन आने वाले केस की तुलना भारत की आबादी से की जाए तो 88 हजार प्रतिदिन का केस भारत में 14 लाख केस प्रतिदिन से अधिक हो सकता है। दूसरी लहर के दौरान देश में संक्रमितों का आंकड़ा चार लाख प्रतिदिन को पार कर गया था। उन्होंने कहा कि फिलहाल ब्रिटेन व अन्य देशों में नए संक्रमण हल्के किस्म के हैं और स्वास्थ्य ढांचे पर दवाब नहीं दिख रहा है, लेकिन साफ-साफ कुछ नहीं जा सकता है।

भारत समेत दुनिया के तमाम देशों में ओमिक्रोन के हल्के लक्षणों के बारे में अग्रवाल ने कहा कि अभी साफ-साफ कुछ नहीं कहा जा सकता है। यह भी देखना होगा कि भारतीयों के जीनोम में ओमिक्रोन संक्रमण की प्रतिक्रिया कैसी होती है। अभी सिर्फ एक बात तय है कि वैक्सीन लेने वालों में संक्रमण के लक्षण हल्के होते हैं, इसीलिए सरकार बार-बार सबको टीका लगाने पर जोर दे रही है।

## कैप्टन ने भाजपा के साथ चुनाव लड़ने को किया ऐलान, 100 प्रतिशत सीट जीतेंगे

चंडीगढ़ (ईएमएस)। पंजाब लोक कांग्रेस पार्टी के मुखिया व पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर ने भाजपा से चुनाव गठबंधन करने की आधिकारिक घोषणा कर दी है। कैप्टन ने कहा कि शुक्रवार को पंजाब भाजपा प्रभारी केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से सीटों के बंटवारे को लेकर चर्चा हुई और सीटें तय की गई। भाजपा और पंजाब लोक कांग्रेस पार्टी के गठबंधन को अंतिम रूप देने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह गत दिवस दिल्ली पहुंचे थे।

शुक्रवार को कैप्टन ने पंजाब भाजपा प्रभारी शेखावत से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच पंजाब विधानसभा चुनाव में गठबंधन व सीटों के बंटवारे को लेकर चर्चा की। कैप्टन ने ट्वीट कर लिखा कि उन्होंने भाजपा प्रभारी के साथ मुलाकात में सीटों के बंटवारे पर चर्चा की।

मुलाकात के बाद कैप्टन ने कहा कि हम 100 प्रतिशत सीटें जीतने वाले हैं, हम प्रत्येक सीट का अध्ययन करेंगे। सीटों के बंटवारे का मानदंड जीत होगी। जहां जिसकी स्थिति मजबूत होगी वहां उस दल को सीट मिलेगी। कैप्टन से मुलाकात के बाद शेखावत ने कहा कि अब वह कह सकते हैं कि वह कैप्टन की पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ने की तैयारी में है। सीटों के बंटवारे का आधार क्या होगा। इस पर शेखावत ने कहा कि सीट बंटवारे पर सही समय पर सूचित किया जाएगा।

शेखावत से मुलाकात के बाद कैप्टन भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ मुलाकात कर सकते हैं।अभी तक यह माना जा रहा है कि भाजपा पंजाब में 70 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है, जबकि कैप्टन की पार्टी के लिए 35 सीटें छोड़ी जाएंगी।

चूंकि कैप्टन की पंजाब लोक कांग्रेस पार्टी का यह पहला चुनाव है। अतः निचले स्तर पर अभी पार्टी का ढांचा भी नहीं बन पाया है और बाकी 12 सीटों को सुखदेव सिंह ढींडसा की पार्टी के लिए छोड़ा जाएगा। हालांकि जब तक कैप्टन की भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक नहीं होती, तब तक तस्वीर स्पष्ट नहीं होगी। वहीं, कैप्टन के करीबी सूत्र बताते हैं कि अब चुनाव आयोग की टीम ने दौरा कर दिया है। जिससे यह संकेत मिलते है, कि आचार संहिता जनवरी के पहले या दूसरे सप्ताह में लग सकती है। अतः अब गठबंधन को लेकर अधिक देरी करने का औचित्य नहीं रह जाता है, क्योंकि गठबंधन और सीटों को लेकर तस्वीर स्पष्ट होने के बाद दोनों ही पार्टियां अपने अपने विधानसभा क्षेत्र में जोर लगा सकती है।

वहीं, भाजपा भले ही पंजाब में स्थापित पार्टी हो लेकिन यह पहला मौका है जब वह पूरे पंजाब में चुनाव लड़ने का दम भर रही है। अकाली दल के साथ गठबंधन में रहकर भाजपा कभी भी 23 सीटों से ज्यादा पर चुनाव नहीं लड़ी है। भाजपा भले ही पूरे पंजाब में अपने संगठनात्मक ढांचा होने के दाम भरती हो लेकिन मालवा के कई इसतरह विधान सभा क्षेत्र हैं जहां पर भाजपा का ढांचा है, लेकिन आधार नहीं है। वहीं, भले ही किसान आंदोलन खत्म हो गया हो, लेकिन किसानों के मन में अभी भी कसक बाकी है। इसके बाद भाजपा का अधिक फोकस शहरी क्षेत्रों पर ही है। जहां पर किसान आंदोलन का असर या तो कम था या न के बराबर था। वहीं, भले ही कैप्टन ने कांग्रेस को छोड़ दिया हो लेकिन वह शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी दमखम रखते है।

## एडवांस टैक्स कलेक्शन 90 प्रतिशत तक बढ़ा, आर्थिक सुधार की संभावना

नई दिल्ली (ईएमएस)। वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एडवांस टैक्स कलेक्शन पिछले वर्ष की तुलना में बढ़कर लगभग दोगुनी हो गया है। जो कोविड-19 के नए स्वरुप ओमीक्रॉन से खतरे के बीच निरंतर आर्थिक सुधार की संभावनों को दर्शाता है। प्रारंभिक आंकड़ों के ज्ञान वाले लोगों के अनुसार, दिसंबर तिमाही में एडवांस टैक्स कलेक्शन 94,107 करोड़ रुपए था, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 49,536 करोड़ रुपए से 90 प्र?तिशत अधिक था। कॉर्पोरेट अग्रिम कर 31,107 करोड़ रुपए 75 फीसदी बढ़कर 54,445 करोड़ रुपए हो गया। व्यक्तिगत आयकर 115 फीसदी बढ़कर 39,662 करोड़ रुपए हो गया। जानकारी के मुता?बिक यह रकम और बढ़ सकती है क्योंकि बैंकों से जानकारी का इंतजार है। वित्तीय वर्ष की अप्रैल-दिसंबर अवधि में संचयी अग्रिम कर संग्रह 16 दिसंबर को 3.45 लाख करोड़ रुपए रहा, जो पिछले साल पहले के 2.08 लाख करोड़ से 65.5 फीसदी अधिक था। कॉरपोरेशन टैक्स 2.50 लाख करोड़ था, जो 1.60 लाख करोड़ से 55 फीसदी अधिक था। व्यक्तिगत आयकर 47,865 करोड़ रुपए से 98 फीसदी बढ़कर 97,719 करोड़ रुपए हो गया। एक सरकारी अधिकारी ने कहा ?कि कुछ प्रमुख कंपनियों ने पहली दो तिमाहियों में या तो भुगतान छोड़ दिया या अपेक्षाकृत कम भुगतान किया। हालांकि चिप की कमी के कारण ऑटोमोबाइल जैसे कुछ क्षेत्रों को छोड़कर अधिकांश क्षेत्रों के लिए तीसरी तिमाही अब तक अच्छी रही है, इसलिए संग्रह में और सुधार हुआ है। वित्तीय वर्ष की शुरुआत से व्यक्तिगत आयकर संग्रह में तेजी दिख रही है। उन्होंने कहा कि यह मुख्य रूप से सूचना प्रौद्योगिकी और फार्मास्यूटिकल्स जैसे कुछ क्षेत्रों में वरिष्ठ प्रबंधन अधिकारियों के लिए मध्य स्तर की आय में वृद्धि के कारण है।

### कार्टून कोना




## भारी बिकवाली से टूटा शेयर बाजार

सेंसेक्स 889 , निफ्टी 263 अंक नीचे आया

मुंबई (ईएमएस)। मुंबई शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में यह गिरावट भारी बिकवाली के साथ ही विदेशी बाजारों से मिले कमजोर संकेतों से आई है। विदेशी विवेशकों की पूंजी निकासी से बाजार पर लगातार दबाव बना रहा। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 889.40 अंक करीब 1.54 फीसदी फिसलकर 57,011.74 अंक पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 263.20 अंक तकरीबन 1.53 फीसदी नीचे आकर 16,985.20 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में सबसे ज्यादा करीब पांच फीसदी की गिरावट इंडसइंड बैंक के शेयरों में रही। इसके अलावा कोटक बैंक, एचयूएल, टाइटन, बजाज फिनसर्व और एचडीएफसी के शेयर भी गिर हैं।

वहीं दूसरी ओर इन्फोसिस, एचसीएल टेक, पावर ग्रिड और टीसीएस के शेयर ऊपर आये हैं। बाजार जानकारों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार बिकवाली से सेंसेक्स और निफ्टी दोने पर प्रभाव पड़ा और ये नीचे आये। केवल आईटी सूचकांक ही ऊपर आये। इससे पहले आज सुबह बाजार की गिरावट के साथ शुरुआत हुई।

रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी, एचडीएफसी बैंक और कोटक बैंक के शेयर के घाटे में जाने के साथ सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 300 अंक से अधिक टूट गया।

## सीसीआई ने अमेरिकी ई-कॉमर्स अमेजन के फ्यूचर ग्रुप के साथ सौदे को मिली मंज़ूरी पर रोक लगाई

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने अमेरिकी ई-कॉमर्स दिग्गज अमेजन के फ्यूचर ग्रुप के साथ सौदे को मिली मंज़ूरी पर रोक लगा दी है। अमेजन पर 200 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया है। 57 पन्नों के आदेश में, सीसीआई ने कहा कि अमेजन डॉट कॉम एनवी इन्वेस्टमेंट होल्डिंग्स एलएल के फ्यूचर कूपन प्राइवेट लिमिटेड में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के सौदे के लिए 28 नवंबर, 2019 के आदेश के अनुसार मंजूरी फिलहाल फ्रीज रहेगी। सीसीआई ने माना कि अमेजन ने कुछ प्रासंगिक जानकारी छुपाकर ये मंज़ूरी ली थी। सीसीआई ने कहा कि अमेजन ने 2019 के सौदे के ठवास्तविक उद्देश्य और विवरणठ को छिपाया और गलत प्रतिनिधित्व और सामग्री तथ्यों को दबानेठ की कोशिश की। सीसीआई ने कहा कि अब इस सौदे की नए सिरे से जांच करना जरूरी है। इसकी मंजूरी तब तक रुकी रहेगी।

देश की एंटीट्रस्ट बॉडी ने शुक्रवार को ँैदिह.म्दस् की फ्यूचर ग्रुप के साथ 2019 में हुई डील को निलंबित कर दिया। खबर के अनुसार यह निर्णय यूएस ई-कॉमर्स दिग्गज के नियामक से अप्रूवल लेते समय जानकारियां छुपाने के आरोपों की समीक्षा के बाद लिया गया। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) द्वारा उठाए गए अभूतपूर्व कदम का अमेजन की कानूनी लड़ाई पर दूरगामी परिणाम हो सकता है, जो अब अलग हो चुके पार्टनर फ्यूचर के साथ है।अमेरिकी फर्म ने महीनों तक 2019 में अपने 200 मिलियन डॉलर के निवेश की शर्तों का सफलतापूर्वक उपयोग किया, ताकि फ्यूचर के रिलायंस इंडस्ट्रीज को 3।4 बिलियन डॉलर में खुदरा संपत्ति बेचने के प्रयास को रोक सके।

57-पृष्ठ के आदेश में, सीसीआई ने कहा कि वह ठसंयोजन (सौदे) की नए सिरे से जांच करना आवश्यक है,ठ 2019 में दी गई इसकी मंजूरी को तब तक ठस्थगित रखा जाएगाठ।सीसीआई के आदेश में कहा गया है कि अमेजन ने सौदे के ठवास्तविक दायरे को छुपायाठ और अनुमोदन की मांग करते हुए ठझूठे और गलत बयानठ दिए।

## अमेरिकी रिपोर्ट ने खोली पाक की पोल, कहा- खुलेआम घूम रहे लश्कर-जैश के आतंकी

वॉशिंगटन (ईएमएस)। पाकिस्तान कितनी भी कस्में खा ले पर आतंकवाद को पनाह देने के उसके एजेंडे को अस्वीकार नहीं किया जा सकता है। आतंकवाद पर पाकिस्तान का चेहरा एक बार फिर बेनकाब हो गया है। इस बार अमेरिका की एक रिपोर्ट ने पाकिस्तान की पोल दुनिया के सामने खोल दी है। अमेरिकी विदेश विभाग ने आतंकवाद पर एक रिपोर्ट जारी की है जिसमें पाकिस्तान के असली चेहरे का पर्दाफाश किया है। कंट्री रिपोर्ट्स ऑन टैररिज्म 2020 में साफतौर पर पाकिस्तान को आतंकवाद रोकने के मामले में 'फेल स्टेट' करार दिया है। रिपोर्ट में कहा गया कि पाकिस्तान ने आतंकवाद से लड़ने के लिए सीमित काम किया। आतंकवादियों पर मुकदमा चलाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए। रिपोर्ट में पाकिस्तान पर निधाना साधते हुए कहा कि पाकिस्तान की धरती से कई आतंकवादी संगठन ऑपरेट किए जा रहे हैं।

लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकवादी संगठन भारत के खिलाफ लगातार काम कर रहे हैं। पाकिस्तान ने जैश के मसूद अजहर और लश्कर के साजिद मीर जैसे आतंकवादियों पर मुकदमा चलाने के लिए कोई कदम नहीं उठाए। ऐसा माना जाता है कि अजहर और मीर दोनों पाकिस्तान में निर्बाध घूम रहे हैं। इसमें कहा गया है कि फरवरी और फिर नवंबर में लाहौर की एक आतंकवादी रोधी अदालत ने लैश्कर-ए-तैयबा संस्थापक हाफिज सईद को आतंकवाद के वित्त पोषण के कई आरोपों में दोषी ठहराया और उसे साढ़े पांच साल के कारावास की सजा सुनाई। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान ने वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) की कार्य योजना को पूरा करने की दिशा में 2020 में अतिरिक्त प्रगति की लेकिन कार्य योजना के सभी कामों को पूरा नहीं किया और वह एफटीएफ की 'ग्रे सूची' में बना हुआ है।

रिपोर्ट ने भारत की तारीफ करते हुए कहा कि भारतीय सुरक्षा एजेंसियां आतंकियों के खतरे को रोकने में कारगर हैं। रिपोर्ट में इस बात का भी दावा किया गया है कि खूंखार आतंकी संगठन आईएसआईएस में भारतीय मूल के आतंकियों ने गहरी पैठ बना ली है। नवंबर तक जारी आंकड़ों के अनुसार आईएसआईएस में भारतीय मूल के 66 आतंकियों की पहचान की जा चुकी है।

## हमारा शहर स्वच्छ रहे और स्वस्थ भी रहे, ये हमारा प्रयास होना चाहिएः पीएम मोदी

- प्रधानमंत्री ने अखिल भारतीय महापौर सम्मेलन का उद्घाटन किया

नई दिल्ली (ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अखिल भारतीय महापौर सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने प्राचीन शहर वाराणसी में हाल के घटनाक्रमों के बारे में चर्चा की। उन्होंने अपने वक्तव्य को दोहराया कि काशी का विकास पूरे देश का रोडमैप हो सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे देश में ज़्यादातर शहर पारंपरिक शहर ही हैं, पारंपरिक तरीके से ही विकसित हुए हैं। आधुनिकीकरण के इस दौर में हमारे इन शहरों की प्राचीनता की भी उतनी ही अहमियत है। उन्होंने कहा कि ये शहर हमें विरासत और स्थानीय कौशल को संरक्षित करना सिखा सकते हैं। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि मौजूदा संरचनाओं को नष्ट करना कोई समाधान नहीं है, बल्कि कायाकल्प और संरक्षण पर जोर दिया जाना चाहिए। इसे आधुनिक समय की आवश्यकताओं के अनुरूप किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने स्वच्छता के लिए शहरों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का आह्वान किया और उत्सुकता व्यक्त करते हुए कहा कि क्या उन शहरों को मान्यता देने के लिए नई श्रेणियां हो सकती हैं जो सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले शहरों के साथ-साथ स्वच्छता हासिल करने के लिए सबसे अच्छा प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने स्वच्छता के साथ-साथ शहरों के सौंदर्यीकरण पर भी जोर दिया। उन्होंने महापौर से इस संबंध में अपने शहरों में वार्डों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करने को कहा। उन्होंने महापौरों से स्वतंत्रता संग्राम पर आधारित 'रंगोली' प्रतियोगिताएं, स्वतंत्रता संग्राम पर गीत प्रतियोगिता और लोरी (लोरी) प्रतियोगिता जैसे 'आजादी का अमृत महोत्सव' से संबंधित कार्यक्रम चलाने के लिए भी कहा, जिस पर प्रधानमंत्री अपने भाषणों और मन की बात में जोर देते रहे हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी सुझाव दिया कि महापौरों को समय निकालकर शहरों का जन्मदिन मनाना चाहिए। नदियों वाले शहरों को नदी उत्सव मनाना चाहिए। उन्होंने नदियों की महिमा को फैलाने की आवश्यकता पर बल दिया ताकि लोग उन पर गर्व करें और उन्हें स्वच्छ रखें। प्रधानमंत्री ने कहा, ''नदियों को शहरी जीवन के केंद्र में वापस लाया जाना चाहिए। इससे आपके शहरों को एक नया जीवन मिलेगा।'' उन्होंने महापौरों से सिंगल यूज प्लास्टिक के खात्मे के खिलाफ अभियान को फिर से शुरू करने को कहा। उन्होंने महापौरों से कचरे से धन बनाने के तरीके तलाशने को कहा। उन्होंने कहा, ठहमारा शहर स्वच्छ रहे और स्वस्थ भी रहे, ये हमारा प्रयास होना चाहिए।

## पहाड़ों पर भारी हिमपात, रोहतांग में बर्फीला तूफान, बढ़ी ठिठुरन, तीन दिन तक शीत लहर का येलो अलर्ट

नई दिल्ली। उत्तर भारत के पहाड़ों पर लगातार हिमपात होने से मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ने लगी है। उत्तराखंड में जहां बदरीनाथ, केदारनाथ समेत अन्य चोटियों में हिमपात हो रहा है और निचले इलाकों में सर्द हवाएं दुश्वारियां बढ़ा रही हैं। वहीं, हिमाचल में अटल टनल रोहतांग के नार्थ पोर्टल में बर्फीले तूफान ने वाहन चालकों समेत पुलिस कर्मचारियों की दिक्कत भी बढ़ा दी। शुक्रवार को मनाली के साथ लगते सोलंगनाला में हिमपात के कारण 500 से अधिक पर्यटन वाहन फंस गए हैं।

इन सभी को रात करीब नौ बजे रेस्क्यू कर लिया गया है। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर में ठंड से तापमान लगातार गिर रहा है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन शीत लहर चलने की आशंका जताई है। इसको लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, बच्चों और बुजुर्गों के प्रति विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी है। उत्तर भारत के पहाड़ों पर लगातार हिमपात होने से मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ने लगी है। उत्तर भारत के पहाड़ों पर लगातार हिमपात होने से मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ने लगी है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन शीत लहर चलने की आशंका जताई है। इसको लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

उत्तराखंड में शुक्रवार को सुबह से ही प्रदेशभर में हल्के बादलों के बीच सर्द हवाएं चलती रहीं। दोपहर में हल्की धूप के बावजूद कंपकंपी बढ़ गई। बदरीनाथ, हेमकुंड साहिब, गौरसों, केदारनाथ समेत अन्य ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी हुई। इसके बाद सर्द हवाएं चलने से प्रदेशभर में पारे ने गोता लगाया और कड़ाके की ठंड महसूस की जाने लगी। शाम होते ही शहरों में अलाव जला दिए गए।

हिमाचल में शुक्रवार को बारालाचा, कुंजुम व रोहतांग दर्रे में आधा फीट ताजा हिमपात हुआ। रोहतांग दर्रे में गुरुवार रात बर्फीले तूफान के कारण फाहे मनाली तक पहुंच गए। भरमौर में हिमपात के कारण दिनकाधार से बसें नहीं लौट पाईं। हिमाचल में बर्फबारी के चलते में 34 सड़कें यातायात के लिए बंद हैं। वहीं, कुछ जगह बिजली की दिक्कत भी बनी हुई है। पिछले दो दिन से ठिठुर रहे जम्मू संभाग में शुक्रवार को भी भीषण ठंड जारी है। जम्मू शहर व साथ लगते इलाकों में सुबह घना कोहरा छाया जो सूर्य निकलने के साथ कम हुआ। शुक्रवार को पूरा दिन शीतलहर ठिठुरने को मजबूर कर गई।

## ओमिक्रॉन जल्द ही डेल्टा को पीछे छोड़कर सबसे ज्यादा मामलों वाला वैरिएंट बन सकता है - केंद्र

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्र सरकार ने आगाह किया है कि कोरोना का ओमिक्रॉन वेरिएंट सर्दी में बढ़ता है। क्रिसमस और नए साल जैसे त्योहार आने वाले हैं, जहां बड़े पैमाने पर भीड़ जुटती है और लोग घूमने-फिरने के लिए भी बाहर निकलते हैं। ऐसे में खतरे को देखते हुए केंद्र द्वारा अनावश्यक यात्रा न करने की सलाह दी गई है। साथ ही भीड़भाड़ से बचने को भी कहा गया है। सरकार ने कहा कि जल्द ही ज्यादा संक्रमण वाले देशों में डेल्टा को पीछे छोड़कर सबसे ज्यादा मामलों वाला वैरिएंट बन सकता है। सरकार ने दक्षिण अफ्रीका, ब्रिटेन जैसे देशों में ऐसी स्थिति को लेकर आगाह किया है।

स्वास्थ्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने कहा कि भारत में स्थिति अभी तुलनात्मक ढंग से नियंत्रित स्थिति में है, लेकिन हमें दुनिया के हालातों को देखते हुए सतर्क रहना जरूरी है। उन्होंने बताया कि इस समय देश 11 राज्यों में में ओमिक्रोन के 101 मामले हैं।

गौरतलब है कि दुनिया में वैक्सीनेशन की रफ्तार के मामले में भारत पहले स्थान पर है। भारत में 87।6 फीसदी लोगों को कोरोना वैक्सीन की कम से कम एक डोज लग चुकी है। अमेरिका के मुकाबले करीब तीन गुना वैक्सीन भारत में लग चुकी है।

अग्रवाल ने कहा कि 136 करोड़ वैक्सीन डोज अब तक लगाई जा चुकी हैं। देश के 24 जिले ऐसे हैं, जो अभी तक चिंता का विषय हैं। पांच जिलों में पॉजिटिविटी रेट 10 फीसदी से ज्यादा है। पिछले चार हफ्तों से पॉजिटिविटी एक फीसदी से भी कम है। उन्होंने कहा कि 9 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में 80 फीसदी को वैक्सीन की दोनों डोज, 19 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेश में दोनों खुराक का प्रतिशत 50 से 80 फीसदी के बीच है। 9 राज्यों में अभी भी यह 50 फीसदी से कम है।

दक्षिण अफ्रीका में आ रहे मामलों से से 98ङ ओमिक्रॉन के हैं। इसके 91 देशों में अभी 27 हजार से ज्यादा मामले हैं। साउथ अफ्रीका में इस बीच नए पॉजिटिव होने वाले मामलों में 98ङ मामले ओमिक्रॉन के आ रहे हैं। जहां डेल्टा का सर्कुलेशन लो था वहां अधिक गति से ओमिक्रॉन फैला है। दक्षिण अफ्रीका इसका उदाहरण हैं।

## 'कोई व्यक्ति ऐसे शब्दों का इस्तेमाल कैसे कर सकता है' - रेप पर कांग्रेस विधायक की टिप्पणी पर बोलीं प्रियंका

नई दिल्ली (ईएमएस)। रेप पर कर्नाटक के कांग्रेस विधायक के।आर। रमेश कुमार की विवादित टिप्पणी पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा, 'मैं पुरजोर तरीके से के।आर। रमेश कुमार के बयान का निंदा करती हूं। यह पूरी तरह अकल्पनीय है कि कोई व्यक्ति ऐसे शब्दों का इस्तेमाल कैसे कर सकता है। ऐसे बयानों पर बचाव नहीं किया जा सकता। दुष्कर्म एक घृणित अपराध है। फुल स्टॉप।' प्रियंका गांधी का यह बयान ऐसे वक्त आया है, जब भाजपा ने इस मुद्दे पर हमलावर रुख अपनाया है और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की चुप्पी पर सवाल उठाया है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने संसद में यह मुद्दा उठाया था।

रमेश कुमार ने कर्नाटक विधानसभा में कहा था, 'जब दुष्कर्म होना ही है, तो लेटो और मज़े लो।' इस बयान के वक्त सदन में कई विधायक हंसते नजर आए। स्पीकर भी इस मामले में कार्रवाई करने के बजाय हंसते दिखे।

हालांकि चौतरफा आलोचना के बीच रमेश कुमार ने अपने बयान के लिए माफी मांग ली है। कर्नाटक विधानसभा के पूर्व स्पीकर और वरिष्ठ नेता के आर रमेश कुमार के 'रेप को एन्जॉय करो' वाले विवादित बयान को लेकर कांग्रेस बेहद नाराज है। विधानसभा और ट्विटर पर मांफी मांगने वाले रमेश कुमार को उनकी ही पार्टी ने फटकार लगाई है।

## सपा सांसद ने कहा, 'लड़कियों की शादी तब करनी चाहिए जब वे प्रजनन की उम्र तक पहुंच जाएं'

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्रीय कैबिनेट की ओर से लड़कियों के विवाह के लिए न्यूनतम आयु को 18 साल से बढ़ाकर 21 साल करने के प्रस्ताव को मंज़ूरी दिए जाने पर जहां एक सपा नेता ने इस फैसले को महिलाओं की प्रजनन क्षमता से जोड़ा है, वहीं दूसरे ने देश की गरीबी का उल्लेख करते हुए कम उम्र में लड़कियों के विवाह को न्यायोचित ठहराया है।

समाजवादी पार्टी के सांसद सैयद तुफैल हसन ने कहा, 'लड़कियों की शादी तब करनी चाहिए जब वे प्रजनन की उम्र तक पहुंच जाएं। महिलाओं की प्रजनन की उम्र 16-17 वर्ष से लेकर 30 वर्ष तक होती है। विवाह के लिए प्रस्ताव 16 वर्ष की उम्र से आने शुरू हो जाते हैं। जब शादी मे देर की जाती है तो दो नुकसान होते हैं-एक बांझपन की आशंका और दूसरा किसी की उम्र बढ़ने तक बच्चे सेटल नहीं हो पाते हैं। जब आप अपनी उम्र के आखिरी दशक में होते हैं तब आपके बच्चे पढ़ ही रहे होते हैं। ऐसा करके हम प्राकृतिक चक्र को तोड़ रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'जब एक लड़की परिपक्व हो जाती है और प्रजनन की उम्र को पा लेती है तो उसकी शादी हो जानी चाहिए। यदि एक लड़की 16 साल में परिपक्व हो जाती है तो वह इस उम्र में शादी कर सकती है। यदि वह 18 साल की उम्र में वोट डाल सकती है तो शादी क्यों नहीं कर सकती। '

समाजवादी पार्टी के सांसद शफीकुर रहमान बर्क ने कहा, 'भारत एक गरीब देश है और हर कोई कम उम्र में अपनी बेटी की शादी करना चाहता है। मैं संसद में इस बिल का समर्थन नहीं करूंगा।' समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने बाद में इन टिप्पणियों से दूरी बना ली। अखिलेश ने कहा कि उनकी पार्टी प्रगतिशील है और महिलाओं-लड़कियों के कल्याण के लिए कई योजनाएं प्रारंभ की हैं। ' उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का इस तरह के बयानों से कोई लेना-देना नहीं है।'

## कर्नाटक के कांग्रेस विधायक रमेश कुमार के रेप पर आपत्तिजनक बयान पर बवाल

-स्मृति ईरानी, जया बच्चन और एनसीडब्ल्यू चीफ रेखा शर्मा की ने जताई कड़ी आपत्ति

नई दिल्ली (ईएमएस)। माननीयों के अमर्यादित बयानों और विवादित टिप्पणियों का सिलसिला आए दिन सियासी घमासान छेड़ देता है अब कर्नाटक विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक केआर रमेश कुमार की ओर से विधानसभा में रेप पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर सियासत गरमा गई है। महिला सांसदों से लेकर अन्य नेता तक उनके इस बयान की घोर निंदा कर रहे हैं। शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, सपा सांसद जया बच्चन समेत अन्य कई नेताओं ने विधायक रमेश कुमार और कांग्रेस पर निशाना साधा है। वहीं केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने इस मामले को बेहद शर्मनाक बताया है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस के नेता की ओछी सोच है। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व पर सवाल उठाया है और कहा कि कांग्रेस को उन्हें निष्कासित करना चाहिए। साथ ही उन पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को महिला सशक्तीकरण की बातें करने और 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' जैसे नारे कहने से पहले अपने नेता को निलंबित करना चाहिए।

राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की प्रमुख रेखा शर्मा ने बलात्कार को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर कर्नाटक कांग्रेस के विधायक केआर रमेश कुमार पर निशाना साधा और कहा कि यह बेहद दुखद व दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश में अब भी महिला विरोधी जन प्रतिनिधि हैं।

उधर, कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक के आर रमेश कुमार के विवादित बयान 'जब बलात्कार होना ही है, तो लेटो और मज़े लो' पर कांग्रेस पार्टी ने अस्वीकृति जताते हुए इससे किनारा किया है। पार्टी की तरफ से कहा गया है कि एक सीनियर विधायक के रूप में उन्हें इस तरह का अस्वीकार्य व्यवहार नहीं करना चाहिए था।

कांग्रेस विधायक आर रमेश कुमार मांगी माफी-

वहीं, अपने बयान पर बढ़ते राजनीतिक बवाल को देख कांग्रेस विधायक आर रमेश कुमार ने सफाई दी। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि आज विधानसभा में मेरे द्वारा की गई गैरजिम्मेदाराना और असंवेदनशील टिप्पणी के लिए मैं सभी से ईमानदारी से माफी मांगता हूं। मेरा इरादा तुच्छ नहीं था और न ही ऐसे जघन्य अपराध को कम करने वाला था। मैं आगे से अपने शब्दों पर ध्यान रखूंगा।

जन हितैषी

जन हितैषी

# चुनाव और विवाह सुधार

केंद्र सरकार ने चुनावी प्रक्रिया और विवाह के लिए जरूरी सुधारों को मंजूरी दे दी है। चुनाव आयोग ने सरकार को अपनी अनुशंसाएं भेजी थीं। अब किसी बालिग यानी 18 साल के युवा को वोटर रजिस्ट्रेशन के लिए सालभर में 4 मौके मिलेंगे। अब तक उन्हें केवल एक मौका मिलता था। इसके अलावा किसी की वोटर आईडी से आधार को भी लिंक किया जा सकेगा, हालांकि यह वोटर की इच्छा पर निर्भर करेगा। चुनाव आयोग ने कहा था कि इस संबंध में शुरू किए गए पायलट प्रोजेक्ट्स के नतीजे सकारात्मक रहे हैं। वहीं लड़कियों की शादी की न्यूनतम उम्र को लेकर सरकार की तरफ से जल्दी ही कानून में जरूरी बदलाव किया जाएगा। बदलाव के बाद लड़कियों की शादी की सीमा 18 से बढ़ाकर 21 साल कर दी जाएगी। कैबिनेट ने लड़कों और लड़कियों के लिए विवाह की न्यूनतम उम्र एक समान, यानी 21 वर्ष करने के विधेयक को मंजूरी दे दी है। यह कानून लागू हुआ तो सभी धर्मों और वर्गों में लड़कियों के विवाह की न्यूनतम उम्र बदल जाएगी। लड़कियों के विवाह की न्यूनतम उम्र पर विचार के लिए जया जेटली की अध्यक्षता में एक टास्क फोर्स का गठन किया गया था जिसने अपनी रिपोर्ट पिछले साल दिसंबर में नीति आयोग को सुपुर्द की थी। टास्कफोर्स ने युवतियों की विवाह की उम्र बढ़ाकर 21 वर्ष करने का पूरा रोल आउट प्लान सौंपा था और इसे समान रूप से पूरे देश में सभी वर्गों पर लागू करने की मजबूत सिफारिश की है। मोदी सरकार के कार्यकाल में विवाह के संबंध यह दूसरा बड़ा सुधार है जो समान रूप से सभी धर्मों के लिए लागू होगा। इससे पहले एनआरआई मैरिज को 30 दिन के भीतर पंजीकृत कराने का बड़ा कदम उठाया गया। लड़कियों और लड़कों के विवाह की न्यूनतम उम्र एक समान करने की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2020 में लालकिले से अपने संबोधन के दौरान की थी। वहीं, चुनाव सुधारों का मुद्दा चुनाव आयोग काफी समय से उठाता आ रहा है। यह दोनों ही सुधार अपने आप में क्रांतिकारी माने जा रहे हैं। ये दोनों विधेयक संसद के मौजूदा सत्र में ही पेश किए जाएंगे। युवतियों की न्यूनतम उम्र में आखिरी बदलाव 1978 में किया गया था और इसके लिए शारदा एक्ट 1929 में परिवर्तन कर उम्र 15 से 18 की गई थी। भारत में हर साल 15 लाख लड़कियों की शादी 18 साल से कम उम्र में हो होती है। जनगणना महापंजीयक के मुताबिक देश में 18 से 21 साल के बीच विवाह करने वाली युवतियों की संख्या करीब 16 करोड़ है। जहां तक चुनाव सुधार की बात है तो चुनाव आयोग की मांग है कि नए वोटर आईडी के अप्लाई करने वाले व्यक्ति के लिए आधार की जानकारी अनिवार्य कर देना चाहिए। आयोग का मत है कि आधार और वोटर आईडी एक दूसरे से लिंक होने पर काफी परेशानियां अपने आप खत्म हो जाएंगी। सबसे बड़ी समस्या यह है कि वर्तमान वोटर लिस्ट में कई नाम बार-बार आ जाते हैं। हालांकि, अभी सरकार ने वोटर आईडी को वैकल्पिक रखा है, लेकिन जिस तरह से चुनाव आयोग का रुख है, इसे अनिवार्य किया जा सकता है। आधार को वोटर कार्ड से जोड़ने से फर्जी वोटर कार्ड से होने वाली गड़बड़ी रोकी जा सकेगी। चुनाव आयोग ने वोटर कार्ड को आधार से जोड़ने की सिफारिश की थी, ताकि मतदाता सूची ज्यादा पारदर्शी हो और फर्जी वोटर हटाए जा सकें। आधार को वोटर कार्ड से जोड़ने से आदमी एक से ज्यादा वोटर कार्ड नहीं रख सकेगा। कई बार देखा जाता है कि किसी व्यक्ति का उसके शहर के वोटर लिस्ट में नाम है और वह लंबे समय से दूसरे शहर में रह रहा है। इसके चलते वह दूसरे शहर की वोटर लिस्ट में भी नाम जुड़वा लेता है। ऐसे में दोनों जगहों पर उसका नाम वोटर लिस्ट में रहता है। आधार से लिंक होते ही एक वोटर का नाम केवल एक ही जगह वोटर लिस्ट में हो सकेगा। यानी, एक शख्स केवल एक जगह ही अपना वोट दे पाएगा। आधार और वोटर कार्ड जोड़ने के मामले में सुप्रीम कोर्ट के निजता के अधिकार के फैसले को ध्यान में रखा जाएगा। सरकार चुनाव आयोग को और ज्यादा अधिकार देने के लिए कदम उठाएगी। चुनाव आयोग ने 2015 में अपने राष्ट्रीय मतदाता सूची शोधन और प्रमाणीकरण कार्यक्रम के हिस्से के रूप में मतदाता कार्ड और आधार संख्या को जोड़ने का काम शुरू किया था। बाद में चुनाव आयोग ने आधार के उपयोग को प्रतिबंधित करने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले को देखते हुए कार्यक्रम को छोड़ने का फैसला किया था।

# आरक्षण याने राजनीति का दीवाला

सर्वोच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र सरकार की उस याचिका को रद्द कर दिया है, जिसमें यह मांग की गई थी कि केंद्र सरकार उसे पिछड़ी जातियों के आंकड़े उपलब्ध कराए ताकि वह अपने स्थानीय चुनावों में महाराष्ट्र के पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण दे सके। केंद्र सरकार ने 2011 में जो व्यापक जन-गणना करवाई थी, उसमें नागरिकों की समााजिक-आर्थिक स्थिति पर भी आंकड़े इकट्ठे किए गए थे। न्यायाधीशों ने उस याचिका को रद्द कर दिया और कहा कि खुद केंद्र सरकार ने उन आंकड़ों को इसीलिए प्रकाशित नहीं किया, क्योंकि ''वे प्रामाणिक और विश्वसनीय नहीं'' थे। 10 साल पहले की गई जातीय जनगणना से पता चला कि भारत में कुल 46 लाख अलग अलग जातियां हैं। उनमें कौन अगड़ी है और कौन पिछड़ी, यह तय करना आसान नहीं है, क्योंकि एक प्रांत में जिन्हें अगड़ी माना जाता है, दूसरे प्रांत में उन्हें ही पिछड़ी माना जाता है। एक ही गौत्र कई अगड़ी और पिछड़ी जातियों में एक साथ पाया जाता है। कई तथाकथित अगड़ी जाति के लोग बेहद गरीब होते हैं और पिछड़ी जातियों के कई लोग काफी अमीर होते हैं। जब अंग्रेजों ने भारत में जन जातीय जनगणना शुरु की थी तो उनका इरादा भारत की एकता को जातीय क्यारियों में बांटने का था ताकि 1857 के स्वातंत्र्य-संग्राम में उभरी राष्ट्रीय चेतना भंग हो जाए। लेकिन अंग्रेज शासकों की इस प्रवृत्ति के विरोध में गांधीजी के नेतृत्व में जातीय जनगणना का इतना तीव्र विरोध हुआ कि 1931 से इसे बंद कर दिया गया लेकिन हमारे ज्यादातर नीतिविहीन राजनीतिक दलों ने अपनी जीत का आधार जाति को बना लिया। इसीलिए उनके जोर देने पर कांग्रेस सरकार ने जातीय जनगणना फिर से शुरु कर दी लेकिन इस जनगणना का विरोध करने के लिए जब मैंने 'मेरी जाति हिंदुस्तानी' आंदोलन शुरु किया तो लगभग सभी दलों ने उसका समर्थन किया। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की पहल पर वह जातीय जनगणना बीच में ही रुकवा दी गई। उसके आंकड़े न तो कांग्रेस सरकार ने प्रकट किए और न ही भाजपा सरकार ने। यह प्रसन्नता की बात है कि वर्तमान सरकारी वकील ने जातीय जनगणना को अवैज्ञानिक और अशुद्ध बताया है। उसने यह भी कहा है कि महाराष्ट्र सरकार ने किसी व्यवस्थित जानकारी के बिना ही 27 प्रतिशत आरक्षण पिछड़ों को दे दिया, जिस पर सर्वोच्च न्यायालय ने जो रोक लगाई है, वह ठीक है। इस वक्त बिहार, उत्तरप्रदेश और दक्षिण के भी कुछ नेता जातीय गणना की मांग पर डटे हुए हैं। सच्चाई तो यह है कि हमारे राजनीतिक दल वैचारिक और व्यावहारिक दृष्टि से लगभग दीवालिया हो चुके हैं। इसीलिए वे जाति और मजहब के नाम पर थोक वोट कबाड़ने के लिए मजबूर हैं। यह भारतीय लोकतंत्र की अपंगता का सूचक है। देश के गरीब और कमजोर लोगों को जातीय आधार पर नौकरियों में नहीं बल्कि शिक्षा और चिकित्सा में जरुरत के आधार पर आरक्षण अवश्य दिया जाना चाहिए। (लेखक-डॉ. वेदप्रताप वैदिक/ईएमएस)

## दैनिक पंचांग

**18 दिसम्बर 2021 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | धनु | 06.26 बजे से |
| चंद्र | वृष में | मकर | 08.35 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | कुंभ | 10.21 बजे से |
| बुध | धनु में | मीन | 11.54 बजे से |
| गुरु | कुंभ में | मेष | 13.25 बजे से |
| शुक्र | मकर में | वृष | 15.05 बजे से |
| शनि | मकर में | मिथुन | 17.03 बजे से |
| राहु | वृष में | कर्क | 19.16 बजे से |
| केतु | वृश्चिक में | सिंह | 21.32 बजे से |
| | | कन्या | 23.44 बजे से |
| | | तुला | 01.55 बजे से |
| | | वृश्चिक | 04.10 ब.से |

**राहुकाल** 9.00 से 10.30 बजे तक

**शनिवार** 2021 वर्ष का 352 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2078 **शक संवत्** 1943 **मास** मृगशीर्ष **पक्ष** शुक्ल **तिथि** चतुर्दशी 07.25 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** रोहिणी 13.49 बजे को समाप्त। **योग** साध्य 09.12 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 07.25 बजे तदनन्तर विष्टि 20.46 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 13.7 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 23' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871101 **जूलियन दिन** 2459566.5 **कलियुग संवत्** 5123 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2547 **हिजरी सन्** 1443 **महीना** जमादि उलावल **तारीख** 13 **विशेष** स्नानदान व्रत, अन्वाधान, दत्तात्रेय जयंती, मणिक प्रभु जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# एक तरफ 'हिन्दू राग' तो दूसरी ओर भारतीय नागरिकता से मुक्ति....?

भारत का हर बुद्धिजीवी आज इस गंभीर चिंतन में खोया है कि आखिर आज इस देश में हो क्या रहा है? एक ओर जहां देश पर राज करने वाली भारतीय जनता पार्टी और उसके संगी-साथी भारत को 'हिन्दूस्तान' बनाने पर आमादा है तो आसन्न साम्प्रदायिकता से डरे सहमें लोग भारत की नागरिकता त्याग कर विदेशों की ओर पलायन कर रहे है, क्या अब यही कट्टरवाद ही हमारे प्रजातंत्र का भविष्य होगा? 'सर्वधर्म संभाव' का मंत्र देने वाले इस भारत में यह हो क्या रहा है? सत्ता व उससे जुड़े संगठनों के इस अभियान से देश के गैर हिन्दू धर्मावलम्बियों में भय की भावना का संचार कर दिया है, और इसी कारण शायद गैर हिन्दू भारत की नागरिकता त्याग कर विदेशों की ओर प्रस्थान कर रहा है।

पिछले दिनों मध्यप्रदेश व उत्तरप्रदेश की सीमा पर स्थित चित्रकूट में 'हिन्दू एकता महाकुंभ' का आयोजन हुआ, जिसमें कतिपय संत प्रमुखों के साथ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख डॉ. मोहनराव भागवत ने भी शिरकत की तथा इस महाकुंभ के माध्यम से देश की भाजपा सरकार को दिशा-निर्देश देने का प्रयास किया, जिनमें देश के एक दर्जन ज्वलंत मुद्दों पर मंथन और चिंतन कर केन्द्र सरकार से उन पर यथाशीघ्र फैसला लेने का अनुरोध किया गया। इस एक दर्जन मुद्दों में प्रमुख रूप से हिन्दुओं को अन्याय से मुक्ति, मठ-मंदिरों की सुरक्षा, धर्मान्तरण पर रोक, जनसंख्या नियंत्रण कानून, राष्ट्रवाद, समान नागरिक संहिता, लव-जिहाद, गौरक्षा, सामाजिक समरसता जैसे अहम् मुद्दे शामिल है। इस महाकुंभ के दौरान यह भी कहा गया कि आज इन सब मुद्दों को कार्यरूप में परिणित करने के लिए समय व परिस्थिति एकदम अनुकूल है, इसीलिए इस कार्य को 2024 के पहले पूर्ण कर लिया जाना चाहिये। साथ ही इस 'हिन्दू महाकुंभ' में इस बात पर भी विशेष जोर दिया गया कि जो हिन्दू धर्म परिवर्तन कर दूसरे धर्मों से जुड़ गए है, उन्हें वापस हिन्दू धर्म से जोड़ने का राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जाना चाहिये और उनके मन की भ्रांतियां दूर करना है। यदि जरूरी हो तो केन्द्र सरकार को इस दिशा में विशेष पहल कर 'धर्म परिवर्तन निषेध' कानून तैयार कर उसे लागू करना चाहिये।

इस प्रकार एक ओर जहां 'हिन्दू महाकुंभ' जैसे आयोजनों को मूर्तरूप दिये जा रहे है, वही दूसरी ओर केन्द्र सरकार ने 'अयोध्या काण्ड' के 'सुखांत' से प्रभावित होकर अयोध्या के बाद काशी का कायाकल्प किया और अब श्रीकृष्ण जन्मभूमि मथुरा की ओर कूच की तैयारी है, जहां भव्य कृष्ण मंदिर के साथ पूरी मथुरा नगरी के काशी जेसे कायाकल्प का प्रस्ताव है, शायद प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी के इन्हीं प्रयासों से प्रेरित होकर अन्य धार्मिक शहरों से उनसे उनके शहर से अगला चुनाव लड़ने की अपील की जा रही है, ऐसे शहरों में प्रमुख बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन (अवंतिका) प्रमुख है, जहां से मोदी जी से ऐसी अपील की गई है।

अब एक ओर जहां केन्द्र सरकार उसकी सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा 'हिन्दू मंदिर जीर्णोद्धार' अभियान चलाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर देश के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय भारत की नागरिकता त्याग कर भारी मात्रा में भारतीयों का विदेश पलायन है, हाल ही में स्वयं केन्द्र सरकार ने संसद में एक सवाल के जवाब में चौका देने वाला यह जवाब दिया कि वर्तमान में प्रतिदिन औसतन तीन सौ भारतीय अपनी नागरिकता का त्याग कर विदेशों की ओर प्रस्थान कर रहे है। बताया गया कि पिछले सात सालों में करीब नौ लाख (8.81 लाख) लोग भारतीय नागरिकता का परित्याग कर चुके है, सरकार ने विस्तृत आंकड़ों में बताया कि वर्ष 2015 में 131489, वर्ष 2016 में 141661, वर्ष 2017 में 133849, वर्ष 2018 में 134561, वर्ष 2019 में 144817, वर्ष 2020 में 85248 तथा 30 सितम्बर 2021 तक 131287 भारतीय अपनी नागरिकता का परित्याग कर चुके है। बताया गया कि वर्तमान में 1.33 करोड़ भारतीय अपनी नागरिकता का परित्याग कर विदेशों में निवासरत् है।

अब इन सबका जिम्मेदार कौन है, यह तो पाठक स्वयं तय करें किंतु क्या यह स्थिति हमारे देश के लिए कल्याणकारी है? (लेखक-ओमप्रकाश मेहता / ईएमएस)

# मानवता व भाईचारे की मिसाल भी पेश कर गया ऐतिहासिक किसान आंदोलन

केंद्र सरकार द्वारा किसानों पर थोपे जा रहे तीन काले कृषि क़ानूनों को आख़िरकार सरकार को वापस लेना ही पड़ा। इसके क़ानूनी दांव पेंच व किसानों को इससे होने वाले नफ़ा नुक़सान के अलावा इस पूरे आंदोलन को देश विदेश में कई अलग अलग नज़रिये से भी देखा गया। इस आंदोलन में जहाँ राष्ट्रीय स्तर पर किसानों की ज़बरदस्त एकजुटता सामने आई वहीँ इसमें उनका त्याग,तपस्या,समर्पण,जुझारूपन,सूझ बूझ,सहनशीलता,प्रेम,बलिदान,मानवता आदि सब कुछ साफ़ नज़र आया। निश्चित रूप से सरकार द्वारा तीनों विवादित कृषि क़ानूनों के वापस लेने तथा इसके बाद किसान आंदोलन के समाप्त होने की घोषणा से देश ने राहत की सांस ली है। परन्तु एक वर्ष तक लगातार एक ही स्थान पर बने रहने वाले आंदोलनकारी किसानों के वापस चले जाने से आंदोलन स्थलों के आस पास के उन ग़रीबों,मज़दूरों व झुग्गी झोपड़ी में रहने वालों के लिये आंदोलन की समाप्ति और उनकी घर वापसी,मायूसी व उदासी का पैग़ाम लेकर आई।

दिल्ली के चारों ओर जिन जिन सीमाओं पर आंदोलनकारी किसान धरना प्रदर्शन कर रहे थे उन सभी सीमाओं पर कई कई जगह लंगर व 'गुरु का लंगर' संचालित किया जा रहा था। 'अन्नदाताओं ' ने यह लंगर केवल आंदोलनकारी किसानों के लिये नहीं बल्कि हर ख़ास-ो-आम के लिये लगाये थे। देश दुनिया को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने वाला 'अन्नदाता ' यहाँ भी शुद्ध देसी घी के लंगर चला रहा था। दिल्ली के अनेक गुरुद्वारों ने किसानों को लंगर सेवायें उपलब्ध कराई हुई थीं। तीनों वक़्त की शुद्ध व ताज़ी रोटी,पराठों व दाल सब्ज़ी के अतिरिक्त किसानों के लंगर में ड्राई फ्रूट,फल,दूध,दही लस्सी,मिठाई आदि सब कुछ उपलब्ध था। ऐसे में आंदोलन स्थल के वे लाखों पड़ोसी,ग़रीब व मज़दूर जिन्होंने पूरे एक वर्ष तक सपरिवार किसानों के लंगर का भोजन व नाश्ता किया तथा अन्य पकवान खाये,उनके लिये इस आंदोलन का समाप्त होना कुछ ऐसा ही रहा जैसे उनके सामने से लंगर व पकवान की थाली खींच ली गयी हो। आंदोलन स्थल के निकटवर्ती लोगों का आंदोलनकारियों के साथ एक भावनात्मक व सहयोगपूर्ण रिश्ता क़ायम हो गया था जोकि इस आंदोलन की समाप्ति के साथ ही केवल यादों व स्मृतियों में शेष रह गया। ऐसे सैकड़ों लोग आंदोलनकारी किसानों की घर वापसी के समय अश्कबार आँखों व मायूस चेहरों के साथ घर वापसी करने वाले किसानों का सहयोग करते दिखाई दिये।

किसान आंदोलन ने केवल मनुष्यों मात्र नहीं बल्कि लावारिस पशुओं के प्रति भी ऐसी मानवता दिखाई कि पशु भी किसानों के मोह से अछूते नहीं रहे। सिंघू बॉर्डर पर आंदोलन की शुरुआत में एक कुतिया ने कुछ बच्चे जन्मे थे। इनमें से एक बच्चा किसानों का लाडला बन गया। आंदोलन समाप्ति के समय वह बच्चा लगभग एक वर्ष का हो चुका था। जब उसने देखा कि ट्रैक्टर ट्रॉली पर सामान लाद किसान वापस जाने की तैयारी में लगे हैं तो वह कुत्ता भी किसी तरह कूद फांद कर ट्रॉली में सवार हो गया। और 'अन्नदाता ' उस कुत्ते को भी आंदोलन स्थल की निशानी के रूप में ट्रैक्टर ट्रॉली में बिठा कर अपने साथ पंजाब ले आये।

राष्ट्रीय स्तर पर किसानों की एकजुटता के लिये तो यह आंदोलन मिसाल बना ही साथ साथ पंजाब,हरियाणा,राजस्थान,उत्तरांचल व उत्तर प्रदेश के किसानों की एकजुटता का भी कारक बना। 2014 के बाद एक बड़ी साज़िश के तहत जिस पश्चिमी उत्तर प्रदेश को सांप्रदायिकता की आग में झोंक कर राजनीति के शातिरों द्वारा भरपूर राजनैतिक लाभ उठाया गया था इस आंदोलन ने काफ़ी हद तक नफ़रत की इस खाई को पाटने की कोशिश की है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों को बख़ूबी समझ आ गया कि हिन्दू मुस्लिम व ऊंच नीच के वर्गों में बांटकर सत्ता द्वारा 'बांटो और राज करो ' की अंग्रेज़ी नीति का अनुसरण किया जा रहा है। जबकि सभी किसानों की मांगें भी एक हैं मुद्दे भी एक। ज़ाहिर है यह अन्नदाताओं की एकजुटता ही थी जिसके चलते पूजा-पाठ,अरदास,रोज़ा-नमाज़,इफ़्तार आदि सब कुछ एक ही पिण्डाल व एक ही छत के नीचे अदा होते देखे गये।

हरियाणा पंजाब के किसानों की एकजुटता के भी तमाम क़िस्से आंदोलन की समाप्ति के बाद सुनाई दे रहे हैं। जब एक भाजपा विधायक के उपद्रव से आहत होकर जनता के सामने राकेश टिकैत की आँखों से आंसू बहे थे उस रात हरियाणा के लाखों किसानों ने ज़बरदस्त सर्दी,ठिठुरन व धुंध के बावजूद टिकैत के आंसुओं के जवाब में रातों रात हरियाणा के विभिन्न इलाक़ों से दिल्ली की ओर मार्च किया था। और इसी घटना से किसान आंदोलन को ऐसा प्रोत्साहन मिला कि आख़िरकार आन्दोलन की परिणिति किसानों की फ़तेह के रूप में सामने आई। पंजाब के किसान नेता जोगिन्दर सिंह उगराहां का हरियाणा के किसानों के सहयोग व भाई चारे को दर्शाने वाला बयान ख़ूब वायरल हुआ। किसान आंदोलन की दिल्ली की सीमाओं पर गुज़ारी गयी पहली रात को याद करते हुए उगराहां ने कहा कि- 'आंदोलन स्थल पर पहली रात किसानों ने बिना दूध की चाय पी थी। परन्तु सुबह हरियाणा के किसानों ने इतना दूध भेज दिया कि दूध रखने के लिये बर्तन ही नहीं बचे। ऐसे में पंजाब व हरियाणा के किसानों के साथ को कभी भूला नहीं जा सकता।'

कई ऐसी बातें भी हुईं जो इस पूरे शांतिपूर्ण आंदोलन के लिये बदनामी का सबब बनीं। जैसे 26 जनवरी को किसानों के एक वर्ग व उसमें कुछ शरारती तत्वों का लाल क़िले पर हुड़दंग मचाना,निहंग द्वारा किसी सेवादार का हाथ काट देना आदि इसतरह के और भी कई नकारात्मक समाचार आए। इनमें कई दुर्भाग्यपूर्ण थे तो कुछ दुर्भावनापूर्ण साज़िश का हिस्सा। परन्तु सत्ता की सभी शतरंजी चालों का जवाब देश के किसानों ने अत्यंत धैर्य व संयम के साथ दिया। जिसमें आख़िरकार किसानों की फ़तेह हुई और अहंकारी सत्ता की बेशर्मी भरी हार। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि देश द्रोही,देश विरोधी,ख़ालिस्तानी,नक्सल व आन्दोलनजीवी जैसे न जाने कितने आरोपों का मुंहतोड़ जवाब देते हुए यह ऐतिहासिक किसान आंदोलन मानवता व भाईचारे की भी एक ज़बरदस्त मिसाल भी पेश कर गया। (लेखिका-निर्मल रानी / ईएमएस)

### आज का इतिहास 18 दिसंबर

1398 अमीर तैमूर ने दिल्ली पर कब्जा कर लिया.
1865 अमरीका में दास प्रथा समाप्त हुई.
1916 दस महीने बाद बर्डन की लड़ाई समाप्त हुई जिसमें पांच लाख से अधिक फ्रांसीसी और चार लाख से अधिक जर्मन सैनिक मारे गए.
1919 बिना रुके अटलांटिक पार उड़ान भरने वाले ब्रिटेन के विमान चालक सर जान अल्काक का निधन विमान दुर्घटना में हो गया.
1935 थामस मसारिक के इस्तीफे के बाद एडुआर्ड बेनेस चेकोस्लोवाकिया के राष्ट्रपति चुने गए.
1940 एडोल्फ हिटलर ने रूस पर हमले का आदेश दिया.
1960 राष्ट्रीय संग्रहालय का उद्घाटन किया गया.
1965 तेल प्रतिबंध लगने के बाद रोडेशिया ने पड़ोसी जांबिया को तेल की आपूर्ति बंद कर दी.
1971 अमरीका के प्रसिद्ध गोल्फर राबर्ट टायर का निधन.
1972 अमरीकी इतिहास के सबसे बड़े भेदिया कारोबारी इवान बोएस्की को तीन साल की सजा हुई.
1980 सोवियत संघ और यूरोपीय समुदाय के बीच आर्थिक सहयोग समझौता हुआ.
1989 जिम्बाब्वे के राजनीतिज्ञ एन. सिथोले को राबर्ट मुगाबे की हत्या की साजिश के सिलसिले में दो वर्ष की सजा सुनाई गयी.
1995 पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में आनंदमार्ग मुख्यालय के निकट हथियारों का जखीरा विमान से गिराया गया.
1998 भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के नेता विनोद मिश्र का निधन.
2002 संसद भवन पर हमला करनेवाले तीनों अभियुक्तों को सजा-ए-मौत.

# हाई ब्लड प्रेशर है तो डाइट में शामिल करें दही को

-दही बीपी को कम करने में है मददगार


लंदन (ईएमएस)। एक ताजा अध्ययन में दावा किया गया है कि अगर रोजाना योगर्ट यानी दही को डाइट में शामिल किया जाए तो हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद मिल सकती है।ये स्टडी यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ मेन के वैज्ञानिकों ने साझा तौर पर की है।इसमें दही के सेवन का ब्लड प्रेशर और हार्ट से संबंधित रिस्क फैक्टर्स पर इफेक्ट की जांच की गई, जिसमें रिसर्चर्स ने पाया है कि योगर्ट का रोजाना सेवन हाई बीपी वाले लोगों के बीपी को कम करने में मददगार है।

रिसर्चर्स के अनुसार, पूरे विश्व में एक अरब से ज्यादा लोग हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित हैं, जिससे उन्हें हार्ट से संबंधित समस्याएं यानी सीवीडी जैसे, हार्ट अटैक और स्ट्रोक का अधिक खतरा होता है।सीवीडी दुनिया भर में मौत का प्रमुख कारण है।इस वजह से अमेरिका में हर 36 सेकेंड में एक व्यक्ति की मौत सीवीडी से होती है।ऑस्ट्रेलिया में यह हर 12 मिनट की है।रिसर्चर डॉ एलेक्जेंड्रा वेड ने बताया, 'इस स्टडी ने नए सबूत प्रदान किए हैं कि हाई बीपी वाले लोगों के बीपी कंट्रोल के लिए योगर्ट /दही मददगार साबित हो सकता है।

हाई बीपी कार्डियोवैस्कुलर डिजीज के लिए सबसे अहम रिस्क फैक्टर है, इसलिए ये जरूरी है कि हम इसे कम करने और कंट्रोल करने के तरीके ढूंढते रहें।' डॉ एलेक्जेंड्रा वेड ने आगे बताया, 'डेयरी फूड, खास तौर पर योगर्ट (दही) बीपी को कम करने में सक्षम हो सकता है।ऐसा इसलिए है क्योंकि डेयरी फूड प्रोडक्ट्स में कैल्शियम, मैग्नीशियम और पोटेशियम सहित कई सूक्ष्म पोषक तत्व होते हैं, जो बीपी को कंट्रोल करने में मददगार साबित हो सकते हैं।उन्होंने कहा कि दही इसलिए अधिक कारगर है क्योंकि इसमें बैक्टीरिया भी होते हैं, जो ब्ल्ड प्रेशर को कम करते हैं।' रिसर्चर्स ने इस स्टडी में 915 लोगों को शामिल किया।स्टडी में ये सामने आया कि जो लोग नियमित रूप से योगर्ट /दही का सेवन करते थे, उनका ब्लड प्रेशर योगर्ट का सेवन नहीं करने वालों की तुलना में लगभग 7 अंक कम था।रिसरर्चर्स ने बताया कि रिस्क फैक्टर्स वाले लोगों पर योगर्ट (दही) के संभावित लाभों की जांच के लिए भविष्य में और स्टडी की जरूरत है।

बता दें ?कि आजकल के तनाव भरे लाइफस्टाइल में हाई ब्लड प्रेशर एक आम समस्या के रूप में लाइफ का हिस्सा बन चुकी है।अगर हम भारत की ही बात करें तो साल 2020 में लगभग 15 फीसदी लोगों में हाई बीपी होने के बारे में पता चला।एक रिपोर्ट की मानें तो पिछले 4 सालों में हाई बीपी के मरीजों में लगातार वृद्धि हुई है।इस दौरान ही करीब 35 प्रतिशत लोगों ने बताया कि उनके परिवार में ये बीमारी चली आ रही है।

### शब्द पहेली - 7140





**बाएँ से दाएँ**

1.भीगा हुआ-2
2.गाने वाला-3
4.दिया, चिराग-2
6.केश-2
7.जिससे ताला खुलता है-2
9.सूरमा -3
12.नख-3
14.तेरह गुणा चार-3
16.एक जैसा तल-4
17.दरवाजे की आवाज-2,2
18.कड़ा, तेज-3
20.आँखों के ऊपर की परत-3
22.साधुवाद देना, वाह-वाह-3
24.पुत्र, एक रंग-2
26.तुम का आदर सूचित शब्द-2
27.पत्र-2
28.आश्चर्य-3
29.तट, किनारा-2

**ऊपर से नीचे**

1.छोटा गीत-3
2.मुँह के दोनों ओर का भाग-2
3.जो पका न हो-2
5.हवा, वायु-3
6.बच्चा, बालक-2
8.वीणा, एक वाद्य-2
10.जितेन्द्र व रेखा की एक फिल्म-2,3
11.मूल्य, दर-2
13.मारकाट-5
14.बच्चा-3
15.नाज, अदा-3
19.पंजाब की एक नदी-2
20.जांच-पड़ताल-3
21.हुनर-2
22.बददुआ-2
23.नगर-3
25.बेल, कोमल लम्बा पौधा-2
26.फूलों का प्राकृतिक रस-2

**शब्द पहेली-7139 का हल**




■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सम्पादकीय

## खेल-समाचार

### बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में यिंग से हारी सिंधु

हुएलवा (ईएमएस)। भारत की महिला बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में हार के साथ ही बाहर हो गयी हैं। इस प्रकार इस भारतीय खिलाड़ी का खिताब बरकरार रखने का सपना टूट गया। सिंधु को महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे की ताइ जू यिंग ने सीधे गेमों में आसानी से 21-17, 21-13 से हरा दिया।

इससे पहले सिंधु ने 2019 में यह खिताब जीता था। वहीं साल 2020 में कोरोना महामारी के कारण टूर्नामेंट हुआ नहीं था। सिंधु ने 2019 में ताइ को इस टूर्नामेंट में हराया था। अब ताइ जू का सेमीफाइनल में सामना ही बिंगजाओ और हान यूए के बीच होने वाले मैच की विजेता खिलाड़ी से होगा।

सिंधु और यिंग के बीच पहले गेम में संघर्ष हुआ पर चीनी ताइपे की खिलाड़ी ने इसके बाद आक्रमक रुख अपना कर 21-17 से जीत हासिल की। वहीं दूसरे गेम में एक समय स्कोर 7-7 से बराबरी पर था पर इसके बाद फिर चीनी-ताइपे की खिलाड़ी ने 10-7 से बढ़त बनाई जिसे बाद में 11-8 पहुंचा दिया। इसके बाद यिंग ने बढ़त को 19-13 किया मुकाबला अपने नाम कर लिया।

### एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने पाकिस्तान को 3-1 हराया

ढ़ाका (ईएमएस)। भारतीय हॉकी टीम ने शुक्रवार को एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट के लीग मुकाबले में पाकिस्तान को 3-1 से हरा दिया। इस मैच में भारतीय टीम ने शुरु से ही आक्रामक रुख अपनाकर अपना दबदबा बना दिया। भारत की ओर से हरमनप्रीत सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल किये जबकि आकाशदीप सिंह ने एक गोल किया। वहीं पाक की ओर से एकमात्र गोल जुनैद मंजूर ने तीसरे क्वार्टर में किया। हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर के जरिए पहले ही क्वार्टर के नौवें मिनट में गोल कर भारतीय टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। उन्होंने 9वें मिनट में गोल दागा और स्कोर 1-0 कर दिया। दूसरे क्वार्टर में भी भारत को 2 मिनट के लिए 10 खिलाड़ियों से खेलना पड़ा। पाक टीम ने इस दौरान जमकर हमले किये पर भारतीय रक्षापंक्ति ने इस आक्रमण को विफल कर दिया।

तीसरे क्वार्टर में भी भारतीय खिलाड़ियों ने अपना दबदबा बनाये रखा। भारत की ओर से आकाशदीप ने 42वें मिनट में रिवर्स फ्लिक के जरिए गोल कर भारत की बढ़त को बढ़ा दिया। तीसरे क्वार्टर के 45वें मिनट में पाक के जुनैद ने एक गोल कर भारत की बढ़त को कम कर दिया।

चौथे क्वार्टर में पाकिस्तान को पेनल्टी कॉर्नर के जरिए बराबरी का गोल दागने का मौका मिला था लेकिन भारतीय कप्तान मनप्रीत सिंह के रेफरल लेने के कारण अंपायर को फैसला बदलना पड़ा। इसके बाद भारत ने पूरी तरह आक्रामक रुख अपनाने हुए खेला। 53वें मिनट में हरमनप्रीत ने भारत की ओर से पेनल्टी कॉर्नर के जरिए तीसरा गोल किया। यह मैच में उनका दूसरा गोल रहा। इस प्रकार भारतीय टीम 3-1 से आगे हो गयी। इसके बाद पाक टीम ने वापसी के कई प्रयास किये पर उसे सफलता नहीं मिली।

### भारत की हंसिनी ने आईटीटीएफ टूर्नामेंट जीता

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत की हंसिनी मथान राजन ने आईटीटीएफ होप्स एंड चैलेंज टेबल टेनिस टूर्नामेंट जीत लिया है। हंसिनी ने सीरिया की हेंड जाजा को हराया। अम्मान में हुए इस मुकाबले में अंडर 12 वर्ग में खेलते हुए राष्ट्रीय चैम्पियन हंसिनी ने 11-6, 11-8, 6-11, 11-6 से जीत हासिल की। वहीं लड़कों के एकल वर्ग में भारत के ही पार्थ प्रभाकर ने भाग लिया पर ईरान के कोमेल एन दिवशाली को जीत मिली। उत्साहित हंसिनी ने जीत के बाद कहा कि फाइनल मुकाबला सबसे मुश्किल था।

साथ ही मैंने बिना किसी दबाव के अपना स्वाभाविक खेल दिखाया। हंसिनी के साथ उनकी कोच और भारत की पूर्व खिलाड़ी ममता प्रभु भी थीं।

### लाबुशेन सबसे तेज 2000 रन पूरे करने वाले पांचवे खिलाड़ी बन

एडीलेड (ईएमएस)। इंग्लैंड के खिलाफ एशेज क्रिकेट सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ने शानदार शतकीय पारी खेलकर एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। लाबुशेन अपनी इस पारी के साथ ही टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेजी से अपने 2000 रन पूरे करने वाले पांचवें खिलाड़ी बन गये हैं। इसी के साथ ही वह महान बल्लेबाज डॉन ब्रैडमैन के साथ एक विशेष क्लब में शामिल हो गये। लाबुशेन ने 20वें टेस्ट के 34वीं पारी में 2000 रनों का आंकड़ा हासिल किया। ब्रैडमैन ने 15 मैच की 22 वहीं पारी में सबसे तेजी से 2000 रन बनाये और वह सबसे तेजी से रन बनाने के मामले में नंबर एक पर हैं। दूसरे नंबर पर वेस्टइंडीज के जॉर्ज हेडली (17 मैच, 32 पारी), इंग्लैंड के हर्बर्ट सटक्लिफ (22 मैच, 33 पारी), ऑस्ट्रेलिया के माइकल हसी (20 मैच, 33 पारी) हैं।

इसके अलावा लाबुशेन 20 मैचों के बाद सबसे अधिक 50 रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में ब्रैडमैन को पीछे छोड़ा। लाबुशेन ने 20 टेस्ट मैचों में 17 बार पचास के अधिक स्कोर किया है। वहीं ब्रैडमैन ने इतने ही टेस्ट मैचों में 15 बार ये कारनाम किया है हालांकि ब्रैडमेन ने इस दौरान 13 शतक लगा दिये थे। इसमें एक तिहरा और 5 दोहरे शतक भी शामिल थे। ब्रायन लारा और सर विवियन रिचर्ड्स इस सूची में तीसरे और चौथे नंबर पर हैं। इन दोनों बल्लेबाजों ने 20 मैचों के बाद 13 बार पचास से अधिक स्कोर बनाए हैं।

### रिजवान ने टी20 में बनाये सबसे ज्यादा दो हजार रन

कराची (ईएमएस)। पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने इस साल टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा दो हजार रन बनाये हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उतरने के बाद से ही रिजवान का प्रदर्शन शानदार रहा है और उन्होंने कई रिकार्ड अपने नाम किये हैं। रिजवान ने टी20 के अलावा घरेलू और लीग क्रिकेट में भी शानदार प्रदर्शन किया है। वेस्टइंडीज के खिलाफ हुए तीसरे ओर अंतिम टी20 में भी रिजवान ने 87 रन की शानदार पारी खेली। इसके साथ ही उनके नाम इस साल टी20 क्रिकेट में 2000 से ज्यादा रन हो गए हैं। एक कैलेंडर वर्ष में इस आंकड़े को पाने वाले वह दुनिया के पहले बल्लेबाज हैं। रिजवान के इस साल टी20 में 2036 रन हो गये हैं। वहीं पाक के ही कप्तान बाबर आजम दूसरे नंबर पर हैं जबकि वेस्टइंडीज के क्रिस गेल तीसरे व भारत के विराट कोहली चौथे स्थान पर है। बाबर ने इस साल 2021 में 1779 रन बनाये हैं। गेल ने साल 2015 में 1665 रन बनाए थे। विराट ने भी साल 2016 में 1614 रन बनाए थे।

रिजवान ने इस साल टी20 की 26 पारियों में 1326 रन बनाये हैं। इसमें एक शतक और 12 अर्धशतक हैं। इस दौरान उन्होंने नाबाद 104 रन की सबसे बड़ी पारी खेली और उनका स्ट्राइक रेट 135 का रहा है। वह एक साल में टी20 में 100 चौके जड़ने वाले एकमात्र बल्लेबाज हैं। रिजवान एक साल में टी20 अंतरराष्ट्रीय में 1000 से अधिक रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज हैं।

### विराट के बयान से स्तब्ध है बीसीसीआई, मामले को सुलझाने सभी विकल्पों पर कर रहा विचार

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) टेस्ट टीम के कप्तान विराट कोहली के मीडिया में दिये बयान से निराश है पर इस मामले में वह तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं देगा। बीसीसीआई इस मामले को हल करने के लिए सभी विकल्पों पर विचार कर रहा है। वह नहीं चाहता कि विवाद का कोई भी प्रभाव टेस्ट सीरीज पर पड़े ,इसलिए तत्काल प्रतिक्रिया से बच रहा है। कप्तान विराट कोहली ने तीन मैचों की सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका रवाना होने से पहले कहा था कि टी20टीम की कप्तानी नहीं छोड़ने के लिए उनसे किसी तरह का अनुरोध उनसे नहीं किया गया। विराट का बयान बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली के उस बयान के विपरीता था जो उन्होंने मीडिया में दिया था।

उससे बीसीसीआई में कोई भी खुश नहीं है पर अधिकारियों का मानना है कि मामले के तत्काल हल के लिए उनकी कोई भी कड़ी प्रतिक्रिया और नुकसानदेह हो सकती है। विराट गुरुवार शाम दक्षिण अफ्रीका पहुंच गए जबकि कोलकाता में बोर्ड अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि वह कोई सार्वजनिक बयान नहीं देंगे। गांगुली ने मीडिया से कहा, 'कोई बयान नहीं, कोई प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं। हम इससे निपट लेंगे, इसे बीसीसीआई पर छोड़ दीजिए।' गांगुली और सचिव जय शाह सहित बीसीसीआई के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने बुधवार को 'जूम कॉल' पर बात की जहां सामूहिक रूप से फैसला किया गया कि कोई भी प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं करेगा और ना ही मीडिया में बयान जारी करेगा।

बोर्ड इस मामले को सही प्रकार से हल करना चाहता है क्योंकि इससे अध्यक्ष के कार्यालय का सम्मान जुड़ा है। बीसीसीआई को पता है कि टेस्ट सीरीज होने वाली है और जल्दबाजी में लिया गया उनका कोई फैसला या बयान टीम का मनोबल प्रभावित कर सकता है।

### ऑस्ट्रेलियाई ओपन में नहीं खेलेंगी प्लिसकोवा

मेलबर्न (ईएमएस)। चेक गणराज्य की महिला टेनिस खिलाड़ी कैरोलिना प्लिसकोवा अगले साल की शुरुआत में होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस में नहीं खेलेंगी। प्लिसकोवा ने हाथ में चोट के कारण ऑस्ट्रेलियाई ओपन और दो अभ्यास टूर्नामेंटों से नाम वापिस ले लिया है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन अधिकारियों ने इसकी पुष्टि करते हुए ट्वीट किया, 'आपके जल्दी स्वस्थ होने की कामना करते हैं।' वहीं प्लिसकोवा ने इससे पहले सोशल मीडिया पर लिखा था, 'अभ्यास के दौरान मेरे दाहिने हाथ में चोट लग गई। अब एडीलेड, सिडनी और ऑस्ट्रेलियाई ओपन नहीं खेल सकूंगी।' ऑस्ट्रेलिया ओपन 17 जनवरी से शुरू हो रहा है। वहीं इससे पहले रोजर फेडडर और सेनेना विलियम्स ने भी इस टूर्नामेंट से अपना नाम वापसी ले लिया था।

# दुनिया की 40 प्रतिशत आबादी का साल के अंत तक टीकाकरण करने कदम उठाए

न्यूयॉर्क (ईएमएस)। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने दुनिया से अपील की कि वह 40 प्रतिशत आबादी का साल के अंत तक टीकाकरण कराने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए ठोस'' कदम उठाए। गुतारेस ने कोरोना के नए स्वरूप,ओमीक्रोन के बढ़ते प्रकोप के बीच कहा, टीकाकरण में असमानता से कोरोना के नए स्वरूपों को फैलने में मदद मिल रही है।गुतारेस इन दिनों अपने घर से काम कर रहे हैं, क्योंकि पिछले सप्ताह वह एक संक्रमित व्यक्ति के सम्पर्क में आ गए थे। गुतारेस की जांच में उनके संक्रमित ना होने की पुष्टि हुई है, लेकिन वह एहतियाती तौर पर इस सप्ताह के अंत तक पृथक-वास में रहने वाले है।

गुतारेस ने कहा, टीकों की जमाखोरी की रणनीति, टीकों को राष्ट्रवाद का मुद्दा बनाना या इस कूटनीतिक विषय बनाने की रणनीति विफल हो गई है। यह नया स्वरूप, इस विफलता को दर्शाता है। वैज्ञानिक लंबे समय से इस लेकर आगाह कर रहे हैं कि टीकाकरण में असमानता से वायरस के नए स्वरूपों को उभरने का मौका मिलेगा, क्योंकि संक्रमण के अधिक फैलने से वायरस को उत्परिवर्तित होने के अधिक अवसर मिलते हैं। कोरोना के नए स्वरूप 'ओमीक्रोन' के बारे में अभी तक अधिक जानकारी नहीं मिली है, लेकिन विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का कहना है कि यह अन्य स्वरूपों से अधिक तेजी से फैल रहा है। गुतारेस ने कहा कि हमारे पास सिर्फ दो सप्ताह का समय है, 98 देश अब भी डब्ल्यूएचओ के 40 प्रतिशत टीकाकरण के लक्ष्य को पूरा नहीं कर पाए हैं। वहीं, 40 देशों में सिर्फ 10 प्रतिशत आबादी का ही टीकाकरण हो पाया है।

# दुनिया का सबसे बड़ा 310 किग्रा का नीलम श्रीलंका ने प्रदर्शनी में रखा

कोलंबो (ईएमएस)। रत्नों में सबसे अधिक असरकारक कहलाने वाले सबसे बड़ा प्राकृतिक कोरन्डम नीलम को पहली बार श्रीलंका में प्रदर्शनी के लिए रखा गया है। इस नीलम का वजन 310 किलोग्राम बताया जा रहा है। यह नीलम तीन महीने पहले ही राजधानी कोलंबो से लगभग 85 किमी दूर स्थित रत्न नगरी के नाम से मशहूर रत्नापुरा के एक खदान से मिला था। इसे पिछले रविवार को खदान मालिक के घर पर प्रदर्शित किया गया। श्रीलंका की नेशनल जेम्स एंड ज्वेलरी अथॉरिटी ने इस मूल्यवान रत्न को प्रमाणित भी कर दिया है। इसे अब अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेचने की योजना पर काम चल रहा है। नेशनल जेम एंड ज्वैलरी अथॉरिटी के चेयरमैन तिलक वीरसिंघे ने कहा कि रत्न के और भी परीक्षण किए जाने हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इसके अंदर और भी साफ पत्थर हो सकते हैं और पहले से ही एक या दो साफ पत्थर हैं जो बाहर से देखे जा सकते हैं।

हालांकि, अंतरराष्ट्रीय रत्न संगठनों ने अभी तक इस कीमती पत्थर को प्रमाणित नहीं किया है। ऐसे में श्रीलंका के इस पत्थर को बेचने की कोशिश तब तक सफल नहीं हो सकती, जब तक इसे अंतरराष्ट्रीय मान्यता न मिल जाए। इस पत्थर की टेस्टिंग को लेकर श्रीलंकाई अथॉरिटी लगातार काम कर रही है। उनका दावा है कि जल्द ही इस पत्थर को अंतरराष्ट्रीय संगठन भी मान्यता दे देंगे। रत्न विशेषज्ञ चमिला सुरंगा ने बताया कि इस रत्न की विशेषता यह है कि यह रत्न एल्युमिनियम ऑक्साइड, टाइटेनियम, आयरन और निकल से बना होता है। देश की वर्तमान आर्थिक स्थिति को देखते हुए इस रत्न को दुनिया के सामने पेश करने का निर्णय लिया गया है। इसे अंतरराष्ट्रीय बाजार में सबसे अधिक कीमत पर बेचने की योजना पर काम चल रहा है। जुलाई में रत्नापुरा से दुनिया का सबसे बड़ा स्टार नीलम क्लस्टर भी मिला था। लगभग 510 किलोग्राम वजनी सेरेन्डिपिटी नीलम नाम का क्लस्टर पानी के कुएं की खुदाई के दौरान गलती से मिला था। श्रीलंकाई विशेषज्ञों का दावा है कि इस खदान में कई अन्य नीलम पत्थर भी गड़े हुए हैं। जिन्हें खोजने के लिए बड़े पैमाने पर काम चल रहा है।

# ब्रिटेन में कोरोना के रिकॉर्ड तोड़ केस, महारानी ने रद्द किया क्रिसमस जश्न

-ब्रिटेन में वर्क फ्राम होम, मास्क और कार्यक्रमों में टीकाकरण प्रमाणपत्र है अनिवार्य

लंदन(ईएमएस)। ब्रिटेन में बुधवार को कोविड-19 के 78,610 नए मामले पाए गए, जो देश में अब तक एक दिन में आए सबसे ज्यादा केस हैं। ब्रिटेन में लोगों से क्रिसमस से पहले होने वाले जश्न और कार्यक्रमों में अधिक भीड़भाड़ से बचने का प्रयास करने और कोविड-19 के तेजी से फैलने वाले स्वरूप ओमिक्रॉन को देखते हुए संक्रमण के मामलों में वृद्धि का प्रबंधन करने के लिए कहा जा रहा है। वायरस के इस तरह के प्रकोप को देखते हुए ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय ने क्रिसमस और नए साल के जश्न के सभी कार्यक्रमों को रद्द कर दिया है। महारानी ने अगले सप्ताह क्रिसमस से पहले होने वाले विस्तारित शाही परिवार के लिए पारंपरिक भोजन के कार्यक्रम को रद्द कर दिया है। महारानी का यह फैसला ऐसे समय आया है जब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और टॉप मेडिकल एडवायजर्स ने लोगों को सावधान और सुरक्षित रहने की सलाह दी है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कार्यालय ने हाल के समय में लॉकडाउन पाबंदियां बढ़ाने की किसी योजना से इनकार किया है। देश में वर्तमान समय में घर से काम करने के साथ ही मास्क लगाने और बड़े कार्यक्रमों के लिए कोविड-19 टीकाकरण प्रमाणपत्र जरूरी किया गया है।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने सरकार के बूस्टर डोज के नजरिए को दोहराया। जॉनसन के नेतृत्व में मंत्रियों और विशेषज्ञों की एक टीम ने लोगों को सलाह दी कि समारोहों में शामिल होने से पहले कोविड-19 जांच करायें। जॉनसन ने कहा, ''जाने से पहले ध्यान से विचार करें।'' उन्होंने कहा, ''आइये ओमीक्रोन का कड़ाई से मुकाबला करें। आइये इसके प्रसार की गति को धीमा करें। मास्क पहनें, यदि आप किसी ऐसे कार्यक्रम में जा रहे हैं जहां आपको बहुत से लोगों से मिलने की संभावना है तो जांच करायें। यदि आप बुजुर्ग या जोखिम वाले रिश्तेदारों से मिलने जा रहे हैं तो भी जांच करायें।'' ब्रिटेन के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ), प्रोफेसर क्रिस व्हिट्टी ने जनता से आग्रह किया कि ''ऐसे लोगों के साथ मुलाकात नहीं करें जिनसे मिलना जरूरी नहीं है।'' उन्होंने आशंका जतायी कि आने वाले हफ्ते में ब्रिटेन में कोविड-19 के और अधिक रिकॉर्ड टूटेंगे। सलाह विशेष रूप से वर्ष के ऐसे समय में महत्वपूर्ण है जब क्रिसमस से संबंधित जश्न और कार्यक्रम पूरे ब्रिटेन में आयोजित होते हैं। स्वास्थ्य मंत्री गिलियन कीगन ने लोगों से आग्रह किया, ''एक समझदार विकल्प चुनें। यदि आप किसी कार्यक्रम में जा रहे हैं, तो जांच करायें।''

# ओमिक्रॉन के खतरे को देखकर पेरिस ने ब्रिटेन से आने वाले यात्रियों पर लगा दी रोक

पेरिस (ईएमएस)। कोरोना के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन के बढ़ते मामलों की चिंता के बीच फ्रांस ने ब्रिटेन से आने-जाने के लिए यात्रा पर रोक लगाने की घोषणा की।यात्रा के लिए कारणों की सीमा तय कर फ्रांस पहुंचने पर 48 घंटे के आइसोलेशन को अनिवार्य कर दिया गया है।ब्रिटेन में गुरुवार को 24 घंटे के अंदर कोरोना के 88 हजार 376 संक्रमित मिले।ब्रिटिश स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि अगले कुछ दिनों में मामलों की संख्या में और इजाफा होगा। फ्रांसिसी प्रधानमंत्री जीन कैस्टेक्स ने कहा कि ब्रिटेन में ओमिक्रोन वेरिएंट के तीव्र प्रसार के मद्देनजर शुक्रवार आधी रात के बाद ये उपाय प्रभावी हो गए है। फ्रांस सरकार के प्रवक्ता ने कहा कि ब्रिटेन से पर्यटन और कारोबारी यात्राएं पूरी तरह से बंद रहेंगी।ब्रिटेन से आने वाले यात्रियों को 24 घंटे पुरानी कोविड निगेटिव रिपोर्ट पेश करनी होगी।

अचानक उठाए गए कदम से यात्रा करने वाले दोनों देशों के परिवारों और अन्य लोगों की यात्रा योजना प्रभावित होगी।कुछ यात्रियों ने कदम को राजनीतिक रूप से प्रेरित होने को लेकर सवाल खड़ा किया है। वहीं, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के प्रवक्ता मैक्स ब्लेन ने कहा कि जॉनसन की इस कदम को लेकर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से कोई चर्चा नहीं हुई थी। ब्रिटेन की इस तरह की जवाबी उपाय की कोई योजना नहीं है। स्टडी में दावा किया गया है कि कोरोना के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन में 70 गुना ज्यादा तेजी से संक्रमित करने की क्षमता है।इसी अध्ययन में कहा गया है कि ओमिक्रॉन वेरिएंट ज्यादा गंभीर रोग नहीं बन पाएगा।

## टाटा मोटर्स ने वाहन कबाड़ केंद्र स्थापित करने राज्य सरकार से हाथ मिलाया

मुंबई (ईएमएस)। टाटा मोटर्स ने महाराष्ट्र राज्य में पंजीकृत वाहन कबाड़ केंद्र (स्क्रैपिंग) स्थापित करने में मदद के लिए राज्य सरकार के साथ हाथ मिलाया है। टाटा मोटर्स ने बताया कि उसने वाहन कबाड़ केंद्र स्थापित करने में मदद के लिए राज्य सरकार के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी के अनुसार वाहन कबाड़ केंद्र में प्रति वर्ष 35,000 पंजीकृत यात्री एवं वाणिज्यिक वाहनों को कबाड़ में बदलने की क्षमता होगी। टाटा मोटर्स ने कहा कि राज्य सरकार के उद्योग, ऊर्जा एवं श्रम विभाग इस केंद्र की स्थापना के लिए नियमों और कानून के अनुसार आवश्यक मंजूरी प्रदान करने में सहयोग करेंगे। कंपनी ने इसके पहले अहमदाबाद में वाहन कबाड़ केंद्र स्थापित करने के लिए गुजरात सरकार के साथ भी समझौता किया था।

## संयुक्त राष्ट्र ने स्वच्छ ऊर्जा के लिए एनटीपीसी की प्रतिबद्धता की सराहना की

नई दिल्ली (ईएमएस)। सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी को स्वच्छ ऊर्जा से जुड़े उसके प्रयासों के लिए संयुक्त राष्ट्र से प्रशंसा पत्र मिला है। कंपनी ने कहा, देश की सबसे बड़ी एकीकृत ऊर्जा कंपनी एनटीपीसी लि. को एनर्जी कॉम्पैक्ट (पहल) प्रक्रिया की दिशा में अपने प्रयासों और प्रतिबद्धताओं के लिए, सर्व सतत ऊर्जा महासचिव और संयुक्त राष्ट्र-एनर्जी सह-अध्यक्ष की विशेष प्रतिनिधि सुश्री दामिलोला ओगुनबियी से प्रशंसा पत्र प्राप्त हुआ।कंपनी के बयान के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र-ऊर्जा (संयुक्त राष्ट्र का एक तंत्र) ने स्वच्छ ऊर्जा के संबंध में एनटीपीसी की प्रतिबद्धता को स्वीकार किया है और एनर्जी कॉम्पैक्ट एक्शन नेटवर्क में इसका स्वागत किया है। एनटीपीसी ने 2030 तक महत्वाकांक्षी लक्ष्यों की रूपरेखा तैयार करने वाले एनर्जी कॉम्पैक्ट के लिए अपनी योजनाएं प्रस्तुत की हैं। इसमें कहा गया कि एनटीपीसी का नेतृत्व एसडीजी 7 हासिल करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा और एनर्जी कॉम्पैक्ट एक्शन नेटवर्क में एनटीपीसी का प्रवेश इसे एनर्जी कॉम्पैक्ट प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण प्रतिनिधि बनाता है।

## सोने ओर चांदी में तेजी

नई दिल्ली (ईएमएस)। घरेलू बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में तेजी आई है। सोने के दाम में 398 रुपये का उछला आया जबकि चांदी की कीमतों में 1,033 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़त रही है।

राष्ट्रीय राजधानी में सोना 398 रुपये बढ़कर 47,762 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। वहीं, चांदी 1,033 रुपये उछलकर 61,147 रुपये प्रति किलोग्राम पहुंच गई। इससे पहले गत कारोबारी सत्र में सोना 47,364 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था जबकि चांदी 60,114 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी।

# अमेरिका की गोपनीय जानकारी देने के आरोप में इंजीनियर गिरफ्तार

वाशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिका में संघीय रक्षा कॉन्ट्रैक्टर के रूप में दशकों तक काम करने वाले एक इंजीनियर को एक व्यक्ति को रूसी जासूस समझकर अमेरिका की गोपनीय जानकारी देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने जिसे रूसी जासूस समझा था वह वास्तव में अमेरिका के खुफिया ब्यूरो एफबीआई का अंडरकवर कर्मचारी था। संघीय अधिकारियों ने बताया कि फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) ने दक्षिण डकोटा के 63 वर्षीय जॉन मुरे रोवे जूनियर के खिलाफ एक गोपनीय अभियान चलाया था। एफबीआई को बताया गया था कि सुरक्षा नियमों के उल्लंघन के कारण उसे नौकरी से निकाला गया है। सरकार ने कहा कि रोवे ने एक अंडरकवर एफबीआई कर्मचारी के साथ 300 से अधिक ईमेल साझा कीं। इस अंडरकवर एफबीआई कर्मचारी ने एक रूसी एजेंट बनकर मार्च 2020 में रोवे से संपर्क किया था। अदालत के दस्तावेजों के अनुसार रोवे ने एक ईमेल में अमेरिकी सैन्य लड़ाकू विमान का परिचालन विवरण साझा किया और दूसरे में कहा ?कि अगर मुझे यहां काम नहीं मिला तो मैं दूसरी टीम के लिए काम करूंगा। अदालत के रिकॉर्ड में रोवे के लिए किसी वकील का जिक्र नहीं है। अभियोजकों का कहना है कि रोवे ने एक इंजीनियर के रूप में लगभग 40 वर्षों तक काम किया था और उसके पास सुरक्षा मंजूरी थी। रोवे को शुक्रवार को साउथ डकोटा की संघीय अदालत में पेश किया जाएगा। उसे बुधवार को साउथ डकोटा के लीड से गिरफ्तार किया गया।

# ओमिक्रॉन के कारण दुनिया में एक बार फिर से कोरोना की दहशत

-ब्रिटेन में 24 घंटे में मिले कोरोना के 88376 केस, बूस्टर डोज की लगी होड़

-अगले कुछ दिनों में मामलों की संख्या में और इजाफा होने की संभावना

लंदन(ईएमएस)। कोरोना वायरस के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन के कारण दुनिया एक बार फिर से दहशत में है। इस बीच ब्रिटेन में कोरोना वायरस का ब्लास्ट हुआ है। गुरुवार को 24 घंटे के अंदर कोरोना के 88 हजार 376 संक्रमित मिले। ब्रिटिश स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि अगले कुछ दिनों में मामलों की संख्या में और इजाफा हो सकता है। बुधवार से गुरुवार के बीच कोरोना वायरस से संक्रमित 146 लोगों की मौत हुई है। इस दौरान सरकार बूस्टर डोज को भी तेजी से बढ़ा रही है। खबर के मुताबिक, बुधवार को 745,183 लोगों को वैक्सीन लगाई गई। यूके के अधिकारियों ने कहा है कि कोरोना वायरस का ओमिक्रॉन वेरिएंट बड़ी तेजी से फैल रहा है, जिसमें हर दो से तीन दिनों में मामले की संख्या दोगुनी हो रही है। यूके स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंसी ने कहा कि देश में अन्य 1,691 ओमिक्रॉन मामलों की पहचान की गई है, जिससे कुल मामले 11,708 हो गए हैं। हालांकि, वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि ये संख्या बहुत अधिक होने की संभावना है।

इंग्लैंड के मुख्य चिकित्सा अधिकारी का कहना है कि ये संभव है कि इस सर्दी में कोविड -19 से दैनिक अस्पताल में भर्ती पिछली संख्या को पार कर जाए। हालांकि उन्होंने आगाह किया कि विशाल अनिश्चितता ओमीक्रॉन वेरिएंट के बारे में बनी हुई है। इस बीच ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने डाउनिंग स्ट्रीट में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान सचेत किया कि ओमिक्रॉन से संक्रमण के मामले दो से भी कम दिनों में दोगुने हो रहे हैं, लेकिन उन्होंने उम्मीद जताई कि कोविड-19 वैक्सीन की बूस्टर डोज देने की मुहिम से इससे निपटने में मदद मिलेगी। जॉनसन की ओर से ओमीक्रॉन के खतरे को रोकने के लिए इस साल के अंत तक सभी वयस्कों को बूस्टर डोज देने का लक्ष्य रखा है। कोरोना वायरस के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन को बेहद खतरनाक वेरिएंट माना जा रहा है। ये तेजी से दुनिया के ज्यादातर देशों में फैलता जा रहा है। हालांकि, इस वेरिएंट को लेकर हर देश में सजगता बरती जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की क्षेत्रीय निदेशक ने आगाह किया है कि वेरिएंट को 'हल्का' कहकर खारिज नहीं किया जा सकता, क्योंकि ये तेजी से फैल रहा है। कोरोना के ओमिक्रॉन वेरिएंट से उत्पन्न चिंताओं के बीच डब्ल्यूएचओ दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र की क्षेत्रीय निदेशक डॉ पूनम खेत्रपाल सिंह ने गुरुवार को कहा कि ओमिक्रॉन किसी भी अन्य पिछले वेरिएंट की तुलना में तेजी से फैल रहा है। इसे 'हल्का' कहकर खारिज नहीं करना चाहिए।

## अमेरिका में ओमिक्रॉन वेरिएंट का खतरा बढ़ रहा, लोग जल्द बूस्टर शॉट लें

वॉशिंगटन (ईएमएस)।कोरोना का ओमिक्रॉन वेरिएंट पूरी दुनिया में तेजी से फैल रहा है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी ओमिक्रॉन को लेकर चिंता जाहिर की है।राष्ट्रपति बाइडन ने अपने देश के नागरिकों को ओमिक्रॉन से सतर्क रहने के लिए आगाह किया है।बाइडन ने कहा कि यूनाइटेड स्टेट्स में कोरोना काफी तेजी से फैल सकता है।इसमें वैक्सीन नहीं लेने वालों की मौत भी हो सकती है। बाइडन ने लोगों से कहा कि वहां जल्द से जल्द बूस्टर शॉट लें। बाइडन ने कहा, 'इस साल की सर्दी गंभीर रोगों वाली नजर आ रही है। वैक्सीन न लेने वालों की मौत हो सकती है।अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा,अगर आपने वैक्सीन ली है और फिर भी आप नए वेरिएंट को लेकर चिंतित है, तब बूस्टर डोज लें।

बता दें कि पहले से ही डेल्टा वेरिएंट के संक्रमण से जूझ रहे अमेरिका में कोरोना के नए स्वरूप ओमिक्रॉन के कारण एक और लहर का खतरा मंडरा है। देश में संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी दोगुनी हो जाने का खतरा है। हालांकि, व्हाइट हाउस ने इससे पहले कहा था कि लॉकडाउन लागू करने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि टीके व्यापक पैमाने पर उपलब्ध हैं और वे वायरस के गंभीर परिणामों से सुरक्षा मुहैया कराने में कारगर प्रतीत होते हैं।

कोविड के स्वरूपों पर नजर रखने वाले जैकब लेमीक्स ने कहा, 'डेल्टा संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं, बल्कि तेजी से बढ़ रहे हैं।इसमें ओमिक्रॉन मामलों की संख्या भी बढ़ती जा रही है, यह चिंताजनक है, क्योंकि हमारे अस्पताल पहले ही भरे हुए हैं और कर्मी थके हुए हैं।अमेरिका में रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र की निदेशक रोशेल वालेंस्की ने कहा है कि शुरुआती आंकड़े बताते हैं कि ओमिक्रॉन डेल्टा से अधिक संक्रामक है और इसके दोगुने होने का समय दो दिन है।

# क्रिप्टोकरेंसी में भारी गिरावट

मुंबई (ईएमएस)। पिछले 24 घंटों के दौरान क्रिप्टोकरेंसी के बाजार में भारी ??गिरावट देखने को मिली है। इस दौरान क्रिप्टोकरेंसी का बाजार पूंजीकरण 2.2 फीसदी घटकर 2.34 ट्रिलियन डॉलर हो गया है। इसकी वजह है बिटक्वाइन सहित अन्य क्रिप्टोकरेंसी की कीमतों में गिरावट आना। कीमत में ?गिरावट की वजह से बिटक्वाइन निवेशकों को तगड़ा नुकसान हो गया है। पिछले 24 घंटों में बिटक्वाइन की कीमतें 2.4 फीसदी नीचे आकर 47,807.03 डालर पर ट्रेड कर रही थी। वहीं शुक्रवार को ईथे?रियम की कीमतें 2.0 प्रतिशत घटकर 3,976.49 पर ट्रेड कर रही थी। डॉगकॉइन की कीमतों में भी 3.7 प्रतिशत की गिरावट पिछले 24 घंटों के दौरान देखने को मिली है। शीबा इनु की ताजा कीमतों में शुक्रवार सुबह 3.5 फीसदी की गिरावट देखी गई है।जिसके बाद यह 0.00003295 डालर पर ट्रेड कर रही थी। इसके अलावा पॉलीगॉन, पोलकाडॉट, लिटकोइन, चेनलिंक और कार्डानो की कीमतों में भी पिछले 24 घंटों के दौरान गिरावट देखने को मिली है।

# मेटा ने जासूसी करने वाली सात इकाइयों को अक्षम किया

नई दिल्ली (ईएमएस)। मेटा ने कहा कि उसने ऑनलाइन गतिविधियों की जासूसी करने वाली सात इकाइयों को अक्षम कर दिया है, जिसमें भारत की एक कंपनी शामिल है। ये इकाइयां 100 देशों में अपने ग्राहकों के लिए नेताओं, चुनाव अधिकारियों, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं और मशहूर हस्तियों को निशाना बना रही थीं। निगरानी या जासूसी के लिए शुल्क लेकर सेवाएं (सर्विलेंस-फॉर-हायर) देने वाली ये कंपनियां इंटरनेट पर लोगों को खुफिया जानकारी जुटाने, तथ्यों को तोड़ने-मरोड़ने और उनके उपकरणों एवं खातों में सेंध लगाने के लिए लक्षित करती हैं। ये कंपनियां चीन, इजराइल, भारत और उत्तरी मैसेडोनिया में स्थित हैं। सोशल मीडिया की दिग्गज कंपनी मेटा (पूर्व में फेसबुक) 100 से अधिक देशों में लगभग 50,000 लोगों को चेतावनी संदेश (अलर्ट) भेज रही है, जिनके बारे में उसे लगता है कि वे इनमें से एक या अधिक संस्थाओं द्वारा लक्षित थे। इन सात कंपनियों में बेलट्रॉक्स (भारत), साइट्रोक्स (उत्तर मैसेडोनिया), कोबवेब्स टेक्नोलॉजीज, कॉगनिट, ब्लैक क्यूब एवं ब्लूहॉक सीआई (इजराइल) तथा चीन की एक अज्ञात इकाई शामिल हैं।

# फलस्तीनी बंदूकधारी ने छात्रों से भरी कार पर की फायरिंग, एक की मौत, दो घायल

यरुशलम (ईएमएस)। इजराइल और फलस्तीन के बीच तनाव के बीच यरुशलम में बंदूकधारी ने वेस्ट बैंक में एक बस्ती की चौकी के बगल में यहूदी स्कूल के छात्रों से भरी कार पर गुरुवार रात जमकर गोलीबारी कर दी, जिसमें एक इजराइली व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य लोग मामूली रूप से घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इजराइली नेताओं ने हमलावर को पकड़ने का आह्वान किया और सेना ने कहा कि उसने तलाश अभियान के तौर पर इलाके में अतिरिक्त सैनिकों को भेजा है। प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट ने कहा, 'सुरक्षाबल जल्द ही आतंकवादियों को पकड़ लेंगे और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि सजा दी जाए।'

यह घटना उत्तरी वेस्ट बैंक में पूर्व की एक बस्ती होमेश के समीप हुई। गाजा पट्टी से 2005 में इजराइल की वापसी के तौर पर इस बस्ती को ध्वस्त कर दिया गया था। हालांकि, हाल के वर्षों में वहां रह रहे लोगों ने एक अवैध चौकी बना ली है। यह वेस्ट बैंक में उन दर्जनों चौकियों में से एक है जिन्हें इजराइल गैरकानूनी मानता है। सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल एमनन शेफलर ने कहा कि चौकी में एक यहूदी विद्यालय से निकलने के बाद कार में बैठे यात्रियों पर गोलीबारी हुई। उन्होंने बताया कि कार पर करीब 10 गोलियां दागी गयी। उन्होंने बताया कि अभी यह पता नहीं चला है कि क्या हमलावरों की संख्या एक थी या अधिक और क्या हमलावर ने अकेले इस वारदात को अंजाम दिया या उसे किसी संगठित आतंकवादी समूह ने भेजा था। अभी किसी ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है लेकिन गाजा पट्टी पर शासन करने वाले समूह हमास ने इस हमले की प्रशंसा की है।

# ऑस्ट्रेलिया में तेज हवाओं से 4 बच्चों की मौत, 5 हुए घायल

-स्कूल समारोहों में तेज हवाओं ने जंपिंग कैसल को उछाल दिया था

सिडनी(ईएमएस)। ऑस्ट्रेलिया में तेज हवाओं के प्रकोप के चलते चार बच्चों की मौत और गई जबकि कई घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया में साल के अंत में होने वाले स्कूल समारोहों के दौरान तेज हवाओं ने जंपिंग कैसल को उछाल दिया जिससे यह बच्चे करीब 10 मीटर (33 फीट) की ऊंचाई से नीचे गिर गए। इस हादसे में चार बच्चों की जान चली गई, जबकि कई बुरी तरह से घायल हो गए। तस्मानिया राज्य के उत्तर-पश्चिम के डेवोनपोर्ट में सुबह करीब 10 बजे दुर्घटना में दो लड़कों और दो लड़कियों की प्राइमरी स्कूल के अंतिम वर्ष में मौत हो गई।

अधिकारियों ने बताया कि पांच और बच्चे अस्पताल में भर्ती हैं, जिनमें चार की हालत गंभीर है। फिलहाल इस बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है कि किस तरह जंपिग कैसल हवा में इतना उछल गया साथ ही बच्चों की पहचान की भी जानकारी नहीं मिली है। हादसे को लेकर यह जानकारी मिली है कि यह हादसा हिलक्रिस्ट प्राइमरी स्कूल में हुआ। इसमें प्राइमरी स्कूल के करीब 10-11 साल की उम्र के बच्चे शिकार बने हैं। यह ऑस्ट्रेलिया में मनोरंजन सवारी से हुए अभी तक के सबसे घातक हादसों में से शुमार होगा। जिसके चलते कई परिवार शोक में डूबे हैं। तस्मानिया के पुलिस आयुक्त डैरेन हाइन ने संवाददाताओं से कहा, ''ऐसे दिन जब ये बच्चे प्राइमरी स्कूल के अपने अंतिम दिन का जश्न मना रहे थे, इसके बजाय हम सभी उनके नुकसान का शोक मना रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''हमारे परिवारों और प्रियजनों, सहपाठियों, इन युवाओं के शिक्षकों के लिए हमारा दिल टूट रहा है, जो हमें बहुत जल्दी अलविदा कह गए।'' तस्मानियाई प्रीमियर पीटर गुटविन ने कहा, ''यह अकल्पनीय है कि यह चौंकाने वाली त्रासदी हुई है।'' साथ ही उन्होंने पूरी तरह से जांच कराने का वादा किया। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने इस घटना को ''टूटने वाला और दिल दहला देने वाला'' बताया। मॉरिसन ने संवाददाताओं से कहा, ''छोटे बच्चे अपने परिवार के साथ मस्ती के दिन बाहर जाते हैं और यह साल के इस समय ऐसी भयावह त्रासदी में बदल जाता है। यह आपका दिल तोड़ देता है।'' पुलिस आयुक्त हाइन ने कहा कि प्रारंभिक जांच के बाद दुर्घटना को जांच के लिए कोरोनर के पास भेजा जाएगा।

# इस साल सोने की मांग ने तोड़ा सात साल का रिकॉर्ड

मुंबई (ईएमएस)। बीते दो सालों में कोरोना के चलते शादियां लगातार टलती जा रही थी जिसके चलते ज्वेलर्स के कारोबार पर असर पड़ा था लेकिन ये साल उनके लिए शानदार रहा है। इस शादियों के सीजन और फेस्टिव सीजन के चलते भारत में सोने के आयात में रिकॉर्ड बढ़ोतरी देखने को मिली है। आंकड़ों के मुताबिक इस साल भारत ने 900 टन सोने का आयात किया है जो पिछले 7 सालों में सबसे ज्यादा है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के आंकड़ों के अनुसार पिछले साल भारत में लगभग 350 टन से अधिक सोने का आयात हुआ था। 2020 के मुकाबले सोने की कीमतों में नरमी, अर्थव्यवस्था के पटरी पर लौटने और रिकॉर्ड संख्या में शादियों के चलते सोने की मांग में बढ़ोतरी आई है। सोने के खपत के मामले में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर है। भारत अपने सोने के खपत के लिए पूरी तरह आयात पर निर्भर है। अगर कोरोना के नए वैरिएंट ने अपना असर नहीं दिखाया तो माना जा रहा है कि 2022 में भी रिकॉर्ड शादियां होंगी जिसके चलते सोने की मांग में जबरदस्त तेजी देखने को मिल सकती है। जिसके चलते अगले साल भी सोने के आयात में रिकॉर्ड बढ़ोतरी आ सकती है। भारत में सोने की खरीदारी त्योहारों और शादियों के सीजन अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में अपने चरम पर होती है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल का अनुमान है कि इस साल दिसंबर तिमाही के दौरान भारत में सोने की बिक्री एक दशक के रिकॉर्ड पैमाने पर होगी।

# उत्तर कोरिया के पूर्व नेता की बरसी पर तानाशाह का विचित्र फरमान, लोगों के हंसने या खुश होने पर लगाई पाबंदी

प्योंगयांग (ईएमएस)। उत्तर कोरिया के वर्तमान शासक किम जोंग उन के विचित्र फरमान की पूरी दुनिया में चर्चा है। दरअसल, उत्तर कोरिया शोक मना रहा है। यह शोक है उसके पूर्व नेता किम जोंग इल के 10वीं बरसी का। पूर्व लीडर के निधन के 10 साल पूरे होने पर उत्तर कोरिया की जनता पर 11 दिनों की पाबंदी लगाई गई है। इस दौरान देश के लोग न हंस सकते हैं और न ही शराब पी सकते हैं। सरकारी अधिकारियों ने किम जोंग इल के निधन की याद में लोगों को किसी भी तरह की खुशी न जाहिर करने का सख्त आदेश दिया है। किम जोंग इल ने उत्तर कोरिया पर 1994 से 2011 तक शासन किया, जब उनकी मृत्यु हो गई थी। खबरों के मुताबिक किम जोंग इल के बाद उनके तीसरे और सबसे छोटे बेटे किम जोंग उन ने देश की कमान संभाली। अब उनके निधन के 10 साल पूरे होने पर उत्तर कोरिया के लोगों को 11 दिनों का 'सख्त' शोक मनाने का आदेश दिया गया है। इस दौरान कोई भी हंसकर या शराब पीकर अपनी खुशी जाहिर नहीं कर सकता। सिनुइजू शहर के एक निवासी ने बताया कि शोक अवधि के दौरान हम शराब सेवन, हंसना या दूसरी खुशनुमा गतिविधियां नहीं कर सकते हैं।

किम जोंग इल की मृत्यु 17 दिसंबर को हुई थी इसलिए इस दिन कोई भी सामान खरीदने के लिए बाजार नहीं जा सकेगा। सूत्रों के मुताबिक इतिहास में जो लोग शोक के दौरान शराब का सेवन करते या खुशी मनाते पाए गए उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और वैचारिक अपराधी के रूप में सजा दी गई। अधिकारी उन्हें पकड़कर ले गए और फिर वे दोबारा कभी नजर नहीं आए। रिपोर्ट के मुताबिक शोक के दौरान अगर किसी के परिवार में कोई निधन हो जाता है तब भी उसे तेजी से रोने की अनुमति नहीं होती और वे शव को शोक खत्म होने के बाद ही बाहर लेकर जा सकते हैं। कहा जाता है कि इस दौरान लोग अपना जन्मदिन नहीं मना सकते। एक दूसरे सूत्र ने बताया कि पुलिस अधिकारियों को लोगों पर लगातार नजर रखने के लिए कहा गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे पर्याप्त दुखी हैं। उत्तर कोरिया के क्रूर तानाशाह किम जोंग इल की मौत 17 दिसंबर 2011 को 69 साल की उम्र में हार्ट अटैक से हो गई थी। उन्होंने 17 साल देश पर शासन किया। उत्तर कोरिया में हर साल यह शोक मनाया जाता है जो 10 दिनों का होता है। लेकिन इस बार उनकी मौत के 10 साल पूरे होने पर यह 11 दिनों का होगा।

# सरकार ने पेट्रोल में मिलाने वाले इथेनॉल पर जीएसटी दर 18 से 5 प्रतिशत की

मुंबई (ईएमएस)। तेल की बढ़ती कीमतें और महंगाई को देखते हुए सरकार ने अन्य ?विकल्पों पर ध्यान देना शुरू कर दिया है। केंद्र सरकार ने इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल प्रोग्राम के तहत इथेनॉल पर जीएसटी की दरों को कम करके 18 प्रतिशत से 5 प्रतिशत कर दिया है। 2018 के दौरान पहली बार केंद्र सरकार की ओर से इथेनॉल उत्पादन के लिए उपयोग किए जाने वाले कच्चे माल के आधार पर इथेनॉल के अंतर मूल्य का ऐलान किया गया था। गौरतलब है ?कि 2014 से भारत सरकार ने इथेनॉल के प्रभावी मूल्य को अधिसूचित किया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों की ओर से इथेनॉल की भी खरीद बढ़ गई है। इथेनॉल आपूर्ति वर्ष 2013-14 में 38 करोड़ लीटर से मौजूदा वित्त वर्ष 2020-21 में बढ़कर 350 करोड़ लीटर से ज्यादा हो गई है। केंद्र की मोदी सरकार ने देश में चीनी उत्पादन को सीमित करने और इथेनॉल के घरेलू उत्पादन बढ़ाने के लिए कई अहम कदम उठाए हैं, जिसमें इथेनॉल उत्पादन के लिए बी भारी शीरा, गन्ने का रस, चीनी और चीनी की चाशनी को बदलने की मंजूरी देना शामिल है। भारत सरकार ने पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल सम्मिश्रण के लक्ष्य को प्राप्त करने की समय सीमा पांच साल कम कर 2025 कर दिया है। पहले यह लक्ष्य 2030 तक पूरा किया जाना था।

पिछले वर्ष सरकार ने वर्ष 2022 तक पेट्रोल में 10 प्रतिशत तथा वर्ष 2030 तक 20 प्रतिशत एथेनॉल का सम्मिश्रण करने का लक्ष्य तय किया था। मौजूदा समय में, पेट्रोल के साथलगभग 8.5 प्रतिशत एथेनॉल मिलाया जाता है, जबकि वर्ष 2014 में इस सम्मिश्रण का स्तर 1-1.5 प्रतिशत ही था। एथनाम सम्मिश्रण से एथेनॉल की खरीद सालाना 38 करोड़ लीटर से बढ़कर अब 320 करोड़ लीटर हो गई है। पिछले साल तेल कंपनियों ने एथेनॉल खरीद पर 21,000 करोड़ रुपए खर्च किए थे। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक देश है, जो अपनी 85 प्रतिशत से अधिक मांग को पूरा करने के लिए विदेशों से आयात पर निर्भर है। एथेनॉल पर ध्यान केंद्रित करने से पर्यावरण के साथ साथ किसानों के जीवन पर भी बेहतर प्रभाव पड़ रहा है क्योंकि यह किसानों को आय का एक और स्त्रोत उपलब्ध कराता है।

# चीन की वुहान लैब से ही फैला था कोरोना का वायरस?

-हार्वर्ड चिकित्सा वैज्ञानिक का बड़ा खुलासा

लंदन (ईएमएस)। घातक कोरोना वायरस के दंश को पूरी दुनिया ने झेला उसकी उत्पत्ति को लेकर चीन पर ही आशंका जताई जा रही थी। अब बड़ी खबर आ रही है कि इसके प्रसार में वुहान लैब का हाथ है हालांकि चीन इस लीक को छिपाने की कोशिशों में लगा हुआ है। ब्रिटेन के सांसदों को ऐसी जानकारी मिली है। हाउस ऑफ कॉमंस साइंस एंड टेक्नोलॉजी कमेटी के सामने इस बात की गवाही देने वाली हार्वर्ड की साइंटिस्ट अलीना चान का मानना है कि कोविड-19 आनुवंशिक रूप से चीन में बनाया गया था। उन्होंने यह भी कहा कि चीन की कम्युनिस्ट पार्टी ने दो साल पहले ही वुहान में महामारी के असली स्वरूप पर काबू पा लिया था। इसके साथ वह लैब लीक की बात को साबित करने के लिए किए जा रहे विश्व स्वास्थ्य संगठन के रिसर्च में रोड़े अटका रहा है।

महामारी की उत्पत्ति के पीछे प्रयोगशाला रिसाव की आशंका के बारे में समिति द्वारा पूछे जाने पर, चान ने कहा, 'इस बिंदु पर महामारी की प्राकृतिक उत्पत्ति की तुलना में प्रयोगशाला से उत्पत्ति अधिक होने की संभावना है।' उन्होंने कहा, 'हम सभी सहमत हैं कि हुआन सीफ़ूड मार्केट में एक अहम घटना हुई थी, जो मनुष्यों के कारण होने वाली प्रसार की सबसे बड़ी घटना थी। उस बाजार में जानवर के कारण वायरस की प्राकृतिक उत्पत्ति की ओर इशारा करने वाला कोई सबूत नहीं है।'

एक मेडिकल जर्नल में भी सहमति व्यक्त की कि कोविड-19 के पीछे प्रयोगशाला रिसाव सिद्धांत एक 'परिकल्पना है, जिसे गंभीरता से लेने की आवश्यकता है और इसकी विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा संदर्भित मामलों के परिप्रेक्ष्य में आगे जांच की आवश्यकता है।' चान के साथ वायरस कि उत्पत्ति के बारे में किताब लिखने वाली टोरी लॉर्ड रिडले कहती हैं कि विशेषज्ञ अभी भी एनिमल होस्ट का पता नहीं लगा सके हैं जिससे पता चले कि इसकी उत्पत्ति प्राकृतिक थी। दो साल की जांच फिलहाल इस धारणा का समर्थन करती है कि कोविड-19 एक लैब से निकला था। चीन की कोशिशों को छुपाने की हालिया खोजों ने ब्रिटिश और अमेरिकी खुफिया एजेंसियों को लैब-रिसाव के विचार की गंभीरता से जांच करने के लिए मजबूर किया है, जिसे पहले एक साजिश के तहत बनाया गया सिद्धांत माना जाता था। दूसरी ओर, इस तरह के विस्फोटक आरोपों से ब्रिटेन सरकार पर बीजिंग के इस दावे पर सवाल उठाने का दबाव बनने की उम्मीद है कि वायरस की उत्पत्ति प्राकृतिक थी। ऐसी भी उम्मीद जताई जा रही है कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के डब्ल्यूएचओ के साथ संबंध के बारे में भी सवाल उठ सकते हैं, जिस पर पिछले साल प्रकोप पर एक क्लीयर रिपोर्ट जारी करने का आरोप लगाया गया था।

### दूसरे चार की खोजबीन चालू

# गौण सेवा का पेपर लीक होने का सरकार ने कबूल किया, ६ गिरफ्तार

## पेपर लीक कांड मुद्दे पर गृह राज्यमंत्री हर्ष संघवी ने कहा कि पहले कभी नहीं लिया गया हो ऐसे कदम यह केस में उठाये जाएंगे

गांधीनगर, १७ दिसंबर।

गुजरात गौण सेवा पसंदगी बोर्ड द्वारा ली गई हेड क्लर्क की परीक्षा के पेपर लीक मुद्दे पर आखिर में सरकार ने पेपर लीक होने का कबूल किया है और यह मामले में पुलिस शिकायत भी दर्ज कराई गई है।

यह मामले में गृह राज्यमंत्री हर्ष संघवी ने प्रेस कॉन्फरन्स करके और खुलासा किया है। उन्होंने मीडिया को बताया है कि, पहले कभी नहीं लिया गया हो ऐसे कदम यह केस में उठाये जाएंगे। अपराधी को ऐसी सजा दी जाएगी की भविष्य में फिर से कोई ऐसा करने की हिम्मत नहीं करेगा। हर्ष संघवी ने आगे बताया है कि, पेपर लीक केस में अभी तक ६ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह मामले में प्रांतिज पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई है। जिसमें पुलिस ने ४०६, ४०९, ४२०, १२० के अनुसार अपराध दर्ज किया गया है, आगामी समय में और धाराएं लगाई जाएगी। केस में अभी ४ आरोपी फरार है और जल्दी से उनकी गिरफ्तारी की जाएगी। हाल केस की जांच चल रही है और इस मामले में और जानकारी दी जाएगी। अब केस के मूल तक पहुंचने के बाद परीक्षा रद्द करना की नहीं इस मामले में निर्णय लिया जाएगा। गृह राज्यमंत्री ने आगे बताया कि, मामला सामने आने के बाद ३ दिन तक लगातार जांच हुई थी। जिसमें सामने आया है कि, एक ही जिले में ३ ग्रुप में पेपर सॉल्व किया गया था। पुलिस ने पहले संदिग्धों को पकड़ने का काम किया था और पहले ही दिन में ६ लोगों को पकड़ लिया गया और इसके बाद इस केस में शामिल रहे सभी आरोपियों के विरूद्ध प्रांतिज पुलिस स्टेशन में विभिन्न धाराएं के साथ अब शिकायत दर्ज की जाती है। केस के मूल तक पहुंचने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और पूरे मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार प्रांतिज के उछा के फार्महाउस से पेपर लीक करके चार लाख से १४ लाख रुपये तक की सौदाबाजी करने की साजिश में साबरकांठा स्थित भाजपा के राजनीतिक दबंग सहित के दो डॉक्टर, एक कोषाध्यक्ष, दो शिक्षक सहित के लोगों के शामिल होने का सामने आया है।

## गुजरात में कोरोना के 60 नए मामले आए सामने, 58 मरीज ठीक होकर घर लौटे

अहमदाबाद (ईएमएस) राज्य में आज कोरोना के 60 नए मरीज सामने आए हैं, वहीं 58 लोग ठीक होकर अपने घर लौट गईं शुक्रवार दक्षिण गुजरात के नवसारी में कोरोना से एक मरीज की मौत हो गईं दूसरी ओर आज 2.40 लाख से अधिक लोगों का टीकाकरण किया गयां स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटों में वडोदरा कॉर्पोरेशन में 12, राजकोट कॉर्पोरेशन में 12, अहमदाबाद कॉर्पोरेशन में 8, कच्छ में 7, सूरत कॉर्पोरेशन में 5, जामनगर कॉर्पोरेशन में 3, नवसारी में 3, वडोदरा में 2, वलसाड में 2, भरूच में 1, भावनगर कॉर्पोरेशन में 1, जूनागढ़ में 1, मेहसाणा में 1, पोरबंदर में 1 और राजकोट में 1 समेत राज्यभर में कुल 60 कोरोना पॉजिटिव केस दर्ज हुईं पिछले 24 घंटों में अहमदाबाद कॉर्पोरेशन में 25, वडोदरा कॉर्पोरेशन में 10, नवसारी में 7, सूरत कॉर्पोरेशन में 6, वलसाड में 4, सूरत में 4, राजकोट में 1 और तापी में 1 समेत राज्य में 58 लोग ठीक होकर अपने घर लौट गईं राज्य में अब तक 817745 लोग कोरोना से स्वस्थ हो चुके हैं दक्षिण गुजरात के नवसारी में एक मरीज की मौत के साथ राज्य में कोरोना का मृतांक 10101 हो गईं राज्य में 581 सक्रिय मामलों में 576 स्टेबल हैं और 5 मरीज वेन्टीलेटर पर हैं गुजरात में आज 240943 लोगों का टीकाकरण किया गयां जिसमें 29 हेल्थ केयर वर्कर और फ्रंट लाइन वर्कर को पहला और 816 को कोरोना का दूसरा टीका दिया गयां 45 वर्ष से अधिक आयु के 6212 को कोरोना का पहला और 56175 को दूसरा डोज दिया गयां 18 से 45 वर्ष से अधिक आयु के 22493 को पहली और 155218 नागरिकों को कोविड की दूसरी वैक्सीन लगाई गईं राज्य में अब तक 86733126 नागरिकों को वैक्सीनेट किया जा चुका हैं

## उत्तर गुजरात और सौराष्ट्र में आज से तीन दिन कोल्डवेव, राज्य में पड़ेगी कड़ा के ठंड

अहमदाबाद (ईएमएस) गुजरात के कई हिस्सों में कल से तीन दिन कोल्डवेव रहेगां मौसम विभाग के मुताबिक सौराष्ट्र, कच्छ समेत उत्तर गुजरात में कोल्डवेव का अनुमान व्यक्त किया हैं कोल्डवेव के दौरान हवा की गति सामान्य रहेगां मौसम विभाग के मुताबिक गुजरात में कल से तीन दिनों तक कड़ाके की ठंड पड़ेगी और उसके बाद न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री की वृद्धि होगां सौराष्ट्र के पोरबंदर, जूनागढ़, राजकोट, कच्छ के नलिया और उत्तरी गुजरात में कोल्डवेव होगां कोल्डवेव के दौरान न्यूनतम तापमान 10 डिग्री रहता हैं फिलहाल नलिया में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री के आसपास हैं वहीं अहमदाबाद में न्यूनतम तापमान 12 डिग्री है और कल 10 से 11 डिग्री के आसपास तापमान रहने की संभावना हैं कोल्डवेव के दौरान सौराष्ट्र-कच्छ और उत्तर गुजरात में न्यूनतम तापमान 2 से 3 डिग्री घट सकता है, जिसकी वजह से राज्य के अन्य इलाकों में ठंड का जोर बढ़ेगां गौरतलब है कि राज्य में पिछले कई दिनों से दोहरी ऋतु का अहसास हो रहा हैं लेकिन अब मौसम बदलने से दिन में गर्मी कम हुई हैं गुजरात में दिसंबर और जनवरी में ही ठंड का अहसास होता हैं दिसंबर के दो सप्ताह बीत जाने के बावजूद न्यूनतम तापमान सामान्य से ज्यादा है, जिसकी वजह से ठंड का अहसास नहीं हो रहां लेकिन अब ठंड अपना असर दिखाने लगी है और कल से इसमें और इजाफा होगां

### पेपर लीक मुद्दे पर युवराजसिंह का निवेदन

# असित वोरा को नहीं हटाया तो आंदोलन करेंगे

## सरकार को ७२ घंटे का अल्टिमेटम, पेपर लीक मुद्दे पर जांच चल रही है तब तक वोरा को उनके पद से हटाया जाए

गांधीनगर, १७ दिसंबर।

गौण सेवा पसंदगी बोर्ड द्वारा ली गई हेड क्लर्क की परीक्षा का पेपर परीक्षा के अगले दिन ही लीक हो जाने का आखिर में स्पष्ट हो गया है।

गौण सेवा बोर्ड के अध्यक्ष असित वोरा ओथेन्टिक कहा जाए ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है यह कहते थे यह सबूत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि, आप के नेता युवराजसिंह जाडेजा द्वारा पेपर लीक होने का सबूत दिया गया था। इस मामले में आज राज्य के गृहमंत्री हर्ष संघवी ने प्रेस कॉन्फरन्स करके पेपर लीक हुए होने की आधिकारिक घोषणा की है। इसके बाद मीडिया के साथ की बातचीत में युवराजसिंह ने सरकार को ७२ घंटे का अल्टिमेटम दिया है कि असित वोरा को दूर करो, नहीं तो फिर रास्ते पर आंदोलन होगा। उन्होंने आगे बताया है कि, हम नहीं चाहते है कि परीक्षा रद्द हो लेकिन जब तक यह मुद्दे पर जांच चल रही है तब तक वोरा को उनके पद से हटाया जाए। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया है कि, अभी भी हमारे पास गुप्त सबूत है। यह गुप्त सबूत हम गृह राज्यमंत्री हर्ष संघवी को देंगे। आरोपियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई हो यह हमारी मांग है। इसके साथ ही उन्होंने यह आरोप भी लगाया है कि पेपर लीक करने वाले सुत्रधारों को राजनीतिक नेताओं का पीठबल है। हम असित वोरा को उनके पद पर से हटाने के लिए सरकार को तीन दिन का अल्टीमेटम देते है। यदि उनको दूर नहीं किया गया तो हम आंदोलन करेंगे। तथा इस केस में आरोपियों के खिलाफ राजद्रोह की धारा लगाई जाए। पूरे मामले में हर्ष संघवी ने मीडिया के समक्ष बताया है कि, पेपर लीक केस में अभी तक ६ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह मामले में प्रांतिज पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई है। जिसमें पुलिस ने ४०६, ४०९, ४२०, १२० के अनुसार अपराध दर्ज किया गया है और आगामी समय में और धाराएं लगाई जाएगी।

### ससुराल वाले शादी के दिन से परेशान करते थे

# विवाहिता की सास और देवर परेशान करने पर शिकायत दर्ज हुई

## विवाहिता परेशान होकर पिता के घर पर चलीा गई थी तो पति कहता कि यदि कुछ भी करेगी तो तेरा विडियो वायरल कर दूंगा

अहमदाबाद, १७ दिसंबर।

शहर के वाघोडिया रोड पर माइके में रहती विवाहिता को शादी के एक वर्ष के दौरान ही ससुराल वाले ने अत्याचार करके निकाल देने पर उसने पति सास तथा अन्य ससुराल सहित नौ लोगों के खिलाफ महिला पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई है। सास विवाहिता से बेटा प्राप्ति के लिए दबाव करते थे और कहते थे कि बेटा जन्मे तो इसे मेरी बेटी को देना पड़ेगा। अब पति ने विवाहिता को यह भी कहा कि हमारी निजी पल का विडियो मेरे पास है वह वायरल कर दूंगा। विवाहिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने पति सहित ९ लोगों के विरूद्ध दहेजधारा और मारपीट की धारा के तहत अपराध दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। शहर के वाघोडिया रोड पर रहती विवाहिता की गत वर्ष २०२० को अगस्त महीने में गोधरा के जयदीप संजयभाई भाटिया के साथ शादी हुई थी। शादी के बाद शुरूआत से ही विवाहिता को सास का कड़ा अनुभव हुआ था। शादी के दिन बारिश में भीग गई तब मेरे ननंद ने मुझे चक्कर आने होने की बात फैलाई थी। इसके बाद ससुराल में जाने के बाद अंगूठी ढूंढने की रस्म बाद भी सभी लोग खाने पर बैठे तब मुझे किसी ने खाने का नहीं पूछा था। इतना ही नहीं सास विवाहिता को कहती थी कि हनीमून करने जाना होगा तो हमें भी साथ में ले जाना पड़ेगा। इसके अलावा ससुराल वाले विवाहिता को फकीर के घर की है, यह कहकर ताना मारते थे। एक बार विवाहिता को रुम में बंद कर दिया गया था। तब वह रोती रही तब पति ने तु महिला है आवाज नीचे रखकर रो यह कहकर तकिया से मुंह दबा दिया था। पति ने विवाहिता को यह भी कहा है कि हमारी निजी पल का विडियो मेरे पास है यह वायरल कर दूंगा। इसके अलावा सास विवाहिता से बेटा प्राप्ति के लिए दबाव करती थी और कहती थी कि बेटा पैदा होगा तो इसे मेरी बेटी को देना पड़ेगा। पति और सास तलाक देने के लिए भी दबाव करते थे। विवाहिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने अपराध दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

# बाइक-डम्पर टकराने पर पति-पत्नी और बेटे की मौत

## डम्पर चालक ने एक बाइक को चपेट में लेने पर बाइक पर सवार तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हुई थी

मेहसाणा, १७ दिसंबर।

गुजरात में सड़क दुर्घटना की घटनाएं रोजाना होती है और ऐसी घटनाओं में कई लोगों की मौत होती है। तब ऐसा ही एक दर्दनाक दुर्घटना मेहसाणा के जिले में हुई है।

यहां डम्पर और बाइक के बीच दुर्घटना हुई थी। इस दुर्घटना में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हुई थी। जिसकी वजह से क्षेत्र में सनसनी मच गई। मिली जानकारी के अनुसार बाइक पर सवार और मारे गये लोग एक परिवार के सदस्य थे। वह मूल दाहोज जिले के निवासी थे और मेहसाणा के वालम गांव में मजदूरी करते थे। पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज करके आगे की जांच शुरू कर दी है। इस बारे में मिली जानकारी के अनुसार मेहसाणा जिला के विसनगर -ऊंझा हाइवे पर कांसा गाम निकट एक सड़क दुर्घटना हुई थी। डम्पर चालक ने एक बाइक को चपेट में लेने पर बाइक पर सवार तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हुई थी। दुर्घटना में शिकार होने वाले दाहोद जिले के गुगस गांव के निवासी होने का और मेहसाणा के वालम गांव में मजदूरी काम करते होने की जानकारी मिली है। जो तीन व्यक्ति की मौत हुई है इसमें सवाभाई हक्लाभाई पारघी, इसकी पत्नी लीलाबहन पारघी और बेटा राजेश पारघी शी शामिल है। तीनों लोग विसनगर से वालम जा रहे थे तब दुर्घटना होने का सामने आया है। मजदूर परिवार के एक साथ तीन लोगों की मौत होने पर परिवार में शोक का माहौल फैल गया है। पुलिस ने तीनों को शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अपराध दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले मेहसाणा जिले के खेरालू में भी विचित्र दुर्घटना हुई थी।

खेरालू के दूध शीत केंद्र आगे पालनपुर के देलवाडा से वेटमिक्स भरकर वणाकरो जा रहा ट्रेलर पलट जाने पर सामने से आ रही बाइक पर सवार दो युवक ट्रेलर में भरा वेटमिक्स के ढेर में कुचल जाने से दोनों की घटनास्थल पर मौत हो गई थी। जबकि ट्रेनर की चपेट में आ जाने पर दो युवकों को गंभीर चोटें आने से उपचार के लिए वडनगर रिफर कराया गया था।

### अदालत ने आरोपी को निर्दोष बरी करना पड़ा

# दुष्कर्म का केस ४१ वर्ष में शुरू होने पर पीड़िता की केस बंद करने की अर्जी

## पीड़िता ने कोर्ट को बताया कि वह अब जीवन में आगे बढ़ गई है और यह केस को आगे नहीं बढ़ाना चाहती है

अहमदाबाद, १७ दिसंबर।

एक तरफ जहां फौजदारी अदालत जातीय अपराध के केस में जल्दी से न्याय देने के लिए प्रयत्नशील है, तब अहमदाबाद की एक अदालत को दुष्कर्म के केस में आरोपी को निर्दोष बरी करना पड़ा था क्योंकि दुष्कर्म का आरोप लगाने के ४१ वर्ष के बाद कोर्ट में केस की शुरूआत हुई थी।

जसकी वजह से पीड़िता ने केस बंद करने के लिए कोर्ट से अर्जी की थी। पीड़िता जो अब फिलहाल ५५ वर्ष की है, उसने कोर्ट को बताया है कि वह अब जीवन में आगे बढ़ गई है और यह केस को आगे नहीं बढ़ाना चाहती है क्योंकि फिलहाल खुद अन्य पुरूष के साथ शांतिपूर्ण शादी जीवन बिता रही है और इसके बच्चे भी अब वयस्क हो गये है। ऐसे में उनके भविष्य का विचार करके कानूनी कार्रवाई में आगे नहीं बढ़ना चाहती है। यह मामले में उसने कोर्ट को लिखित निवेदन दिया था और कोर्ट को केस बंद करने की विनंती की थी।

जिसके अनुसार एडि. सेशंस न्यायाधीश डीएम व्यास ने अपने आदेश में नोट किया था। कोर्ट ने इस वर्ष में ३० नवंबर को सबूत के अभाव में दुष्कर्म के आरोपी को निर्दोष जारी किया गया था। केस की जानकारी के अनुसार, ३० जून, १९८० को मुंबई का एक टैक्सी ड्राइवर अहमदाबाद के सरखेज क्षेत्र से युवती के साथ कथित रूप से भाग गया था। मुंबई जाते समय दंपती के साथ युवती की अन्य एक महिला दोस्त भी शामिल हुई थी। हालांकि इसकी ही यह महिला दोस्त उसी वर्ष में ३ जुलाई को अहमदाबाद वापस आई थी और इसके बाद पुलिस ने ८ जुलाई को पीड़ित महिला को ढूंढ लिया था। महिला के पिता सहित चार गवाहों की गवाही द्वारा कोर्ट को जानकारी मिली थी कि टैक्सी ड्राइवर दोनों युवतियों को मुंबई ले गया था। एक गवाह ने कोर्ट को बताया कि ड्राइवर ने दोनों युवतियों को वालकेश्वर में इसके घर पर रखी थी। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने अवलोकन किया था कि दोनों युवतियों को आरोपी ने कैद नहीं किया था।

## पेपर लीक मामले को लेकर विपक्ष के नेता ने सरकार को आड़े हाथ लिया

अहमदाबाद (ईएमएस) गुजरात में पेपर लीक प्रकरण को लेकर राजनीति गर्माती जा रही हैं हांलाकि सरकार पेपर लीक होने की बात स्वीकार कर ली है और इस मामले में 10 में से 6 लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया गया है और 4 की तलाश जारी हैं गृह राज्यमंत्री हर्ष संघवी ने मामले की गहन जांच के आदेश दिए हैं दूसरी ओर विपक्ष के नेता सुखराम राठवा ने पेपर लीक मामले को लेकर सरकार को आडे हाथ लेते हुए सवाल किया है कि क्या इसमें उसका कोई मंत्री तो शामिल नहीं है? उन्होंने गुजरात के युवाओं से जागृत होने की अपील करते हुए कहा कि जिसके लिए आप मेनहत कर रहे हैं, सरकार से वह रोजगार और नौकरी मिलने वाली नहीं हैं हाल ही गुजरात गौण सेवा पसंदगी मंडल द्वारा हेड क्लर्क की परीक्षा ली गई है और इसका पर्चा लीक हुआ है, जिसे सरकार ने भी स्वीकार कर लिया हैं यह कोई पहली घटना नहीं है, इससे पहले 2016 में मुख्य सेविका की परीक्षा पर्चा, 2017 में तलाटी की परीक्षा का पर्चा, टाट की परीक्षा का पर्चा, 2018 में वन विभाग की ली जाने वाली परीक्षा रद्द हुई, एलआरडी की परीक्षा का पेप लीक हुआ, 2019 में सचिवालय क्लर्क की परीक्षा पर्चा लीक हुआ, सब एडिटर पद के लिए हुई परीक्षा का पेपर लीक हुआ और अब हेड क्लर्क की परीक्षा का पेपर लीक हुआ हैं इसके बावजूद आपको लगता है कि सरकार आपको नौकरी देगी? सुखराम राठवा ने कहा कि गुजरात गौण सेवा पसंदगी मंडल ऐसे भ्रष्टाचार में आकंठ डूबा है और सरकार को इसकी जांच करानी चाहिएं आरोपी पकड़े गए हैं, किसने किसने क्या किया? इसका भी खुलासा हो गया हैं देखना होगा कि सरकार अब किसे बचाती है? उन्होंने कहा कि सरकार को सबक सिखाना है तो युवाओं को जागृत होना पड़ेगा और 2022 के चुनाव में उसे सबक सिखाना होगां

### कच्छ के मालधारी टेंशन में आ गये

# ठंड बढ़ने पर पशुओं का दूध देने का कम हुआ

## ठंडी हवा के कारण दुधारू पशुओं की शारीरिक क्षमता में भी परिवर्तन आने पर दूध उत्पादन में कमी होती है

अहमदाबाद, १७ दिसंबर।

कच्छ जिला ठंडी हवाओं से ठिठुर रहा है। कच्छ सहित राज्यभर के कई क्षेत्रों में मौसम विभाग द्वारा कोल्डवेव का पूर्वानुमान है।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान अनुसार कच्छ में तापमान नीचे जा रहा है, लेकिन साथ में इसकी वजह से पशुधन पर असर हो रही है। सर्दी में तापमान ५ डिग्री से ज्यादा नीचे जाए तो दुधारू पशुओं के दूध उत्पादन में क्षमता घटती है। इसके अलावा मालधारी अपने पशुओं को खुले में रखते होने से पशुओं की पाचन प्रक्रिया पर असर होने से दूध की क्षमता भी कम होने की संभावना है। मालधारियों द्वारा पशु को रहने की योग्य व्यवस्था की जाए तो पशुओं को ठंडी की विपरित असर नहीं होगी। गुजरात के कश्मीर ऐसा नलिया में न्यूनतम लगातार नीचे जा रहा है आज नलिया में ३.८ डिग्री न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया है तो आगामी समय में यदि तापमान अभी भी नीचे जाएगा तो दूध का उत्पादन भी घटने की संभावना है। अब कच्छ में सर्दी की पक्कड़ जम चुकी होने से न्यूनतम तापमान लगातार नीचे जा रहा है।

पूरा कच्छ जिले में कड़ाके की ठंडी का अनुभव कर रहे है। सीमा कच्छ जिले में मानव आबादी की अपेक्षा पशुधन की आबादी विशेष है। कच्छ जिले में कुल २० लाख जितना पशुधन है। जिसमें १० लाख से ज्यादा गाय और भैंस वर्ग के पशु है। जिसकी वजह से पशुपालन उद्योग भी काफी फलफूल रहा है। पशुपालन विभाग के अधिकारी डॉ. हरेश ठक्कर ने इस मामले में बताया है कि, हाल सर्दी में कोल्डवेव होने से और यदि तापमान ५ डिग्री से नीचे जाए तो दुधारू पशुओं के दूध उत्पादन क्षमता घटती है। इसके अलावा सभी मालधारी अपने पशुओं को खुले में रखते है। इसके लिए कोल्डवेव की असर के तहत पशु पर पाचन की प्रक्रिया पर असर ज्यादा होती है, इसकी वजह से दूध उत्पादन क्षमता पर असर होने की संभावना है। की शारीरिक क्षमता में भी परिवर्तन आने पर दूध उत्पादन में कमी होती है

# बच्ची के साथ दोस्ती करके युवक ने दुष्कर्म किया

राजकोट, १७ दिसंबर।

अक्सर बच्चियों के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आने पर राज्य शर्मजनक स्थिति में आ रहा है।

तब ऐसा ही एक मामला राजकोट के उपलेटा में हुआ है। उपलेटा में १२ वर्ष की बच्ची को प्रेमजाल में फंसाकर मुकेश भरतभाई सोलंकी नाम के युवक ने दुष्कर्म किया है। इस मामले की शिकायत उपलेटा पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई है। यह केस में पुलिस ने २२ वर्ष के युवक मुकेश को गिरफ्तार किया गया है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि सूरत में १० वर्ष की बच्ची पर दुष्कर्म करके हत्या करने वाले आरोपी को फांसी की सजा सुनाई गई है। आरोपी मुकेश वडली चौक निकट चाय की होटल में काम करता है। जहां काम करता इसकी नजर १२ वर्ष की बच्ची पर बिगड़ गई थी। बच्ची को अपनी बातों में फंसाकर इसके साथ दोस्ती की थी। यह बच्ची को चॉकलेट, नास्ता कराता था। जिसकी वजह से बच्ची यह हवसखोर की बातों में आकर इसके परिवार का मोबाइल नंबर लेकर इसके साथ संपर्क में रहता था। यह बेटी टयुशन में जाए तो वहां भी इसे मिलता था। बच्ची गत दिन शाम को चार से छह टयुशन में गई थी लेकिन वहां से घर पर समय पर वापस नहीं आई थी। जिसकी वजह से परिजन चिंता में आकर बच्ची को ढूंढने लगे थे। जिसके बाद बेटी नहीं मिलने पर पुलिस में भी जानकारी दी गई। जिसके बाद रात को ९ बजे के करीब आरोपी मुकेश बच्ची को बाइक पर इसके घर के पास छोड़कर भाग गया था। बेटी को देखने पर परिवार ने राहत महसूस की। जिसके बाद बेटी को पूछा कि क्यों लेट हो गया। तब बेटी रोने लगी थी और आपबीती सुनाई थी। यह सुनने पर परिवार के पैर नीचे से जमीन खिसक गई थी। लेकिन परिवार ने हिम्मत करके इस मामले की जानकारी पुलिस को दी थी। पुलिस को जानकारी देने पर घटना की गंभीरता को देखकर इस मामले में अपराध दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसके बाद कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी के रिमांड लेने की कार्रवाई शुरू की गई है।

## हीरो मोटोकॉर्प ने देशभर के ग्राहकों के लिये रिटेल फाइनेंस कार्निवाल लॉन्चा किया

हीरो मोटोकॉर्प विश्व में मोटरसाइकल्स् और स्कूसटर्स का सबसे बड़ा उत्पीदक है। उसने ग्राहक पर केन्द्रित होने की अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए आज एक खास रिटेल फाइनेंस कार्निवाल लॉन्च किया है।

साल खत्म होने के दौरान आने वाले त्यौ हारों की खुशियों को बढ़ाते हुए, यह रिटेल फाइनेंस कार्निवाल हीरो मोटोकॉर्प के फाइनेंस पार्टनर्स के जरिये नई और रोमांचक रिटेल फाइनेंस स्कीीम्सढ की एक रेंज लेकर आया है। इस पहल के माध्यइम से कंपनी विभिन्ने सेगमेंट्स में ग्राहकों के लिये रिटेल फाइनेंस में पहुँच की योग्य ता, उपलब्ध ता, जागरूकता और नवाचार को भी बढ़ावा देने का लक्ष्यो रखती है।

रिटेल फाइनेंस कार्निवाल आज से शुरू हो रहा है और 31 दिसंबर, 2021 तक चलेगा। यह कार्निवाल देश में विभिन्नक सेगमेंट्स के ग्राहकों को फाइनेंस तक सुविधाजनक रूप से पहुँच देता है। यह आकर्षक और इस सेगमेंट के पहले ऑफर्स, जैसे ज़ीरो डाउन पेमेंट, ज़ीरो रेट ऑफ इंटरेस्ट और ज़ीरो प्रोसेसिंग फी के साथ ग्राहकों की खरीदारी की क्षमता भी बढ़ाता है।

मुख्यर ऑफर्स के अलावा, यह कार्निवाल ग्राहकों को खोजपरक फाइनेंशियल प्रोडक्ट्सज भी देता है, जैसे किसान किश्तक, नो हाइपोथीकेशन और सुविधा (बैंक चेक के बिना)।

## गुजरात में 1000 करोड़ की निवेश से 500 केएलडी का बायोइथेनोल प्लांट लगेगा

गांधीनगर राज्य सरकार के सार्वजनिक उपक्रम गुजरात आल्कलिज एन्ड केमिकल (जीएसीएल) और भारत सरकार के उपक्रम गैस ऑथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेट (जीएआईएल) के बीच राज्य में बायोइथेनोल प्लांट स्थापित करने का एमओयू हुआ हैं गांधीनगर में मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल की मौजूदगी हुए इस एमओयू के अंतर्गत गुजरात में करीब रु. 1000 करोड़ का निवेश कर 500 किलो लीटर प्रति दिन की क्षमता का बायोइथेनोल प्लांट लगाया जाएगां इस एमओयू पर जीएसीएल के मैनेजिंग डिरेक्टर मिलिंद तोरवणे और जीएआईएल के बिजनस डेवलपमेंट डिरेक्टर एमवी अय्यर ने हस्ताक्षर किएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ देश में क्रूड ऑइल के आयात को घटाकर फोरेन एक्सचैंज की बचत के उद्देश्य से आगामी 2025 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनोल ब्लेन्डिंग के लिए रोड मैप लॉंच किया हैं गुजरात में जीएसीएल और जीएआईएल के संयुक्त सहयोग से स्थापित होनेवाले यह बायो इथेनोल प्लांट पीएम मोदी के लक्ष्य को सिद्ध कर आत्मनिर्भर गुजरात से आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण परिमाण बनेगां इस प्लांट में फिडस्टोक के तौर पर मक्का या धान के भूसे का उपयोग इकोफ्रेन्डली टेक्नोलोजी द्वारा 500 केएलडी बायोइथेनोल का उत्पादन किया जाएगां बाय प्रोडक्ट के तौर पर करीब 135 केटीपीए जितना प्रोटीन-रीच एनिमल फीड एवं 16.50 केटीपीए जितना कॉर्न ऑइल प्राप्त होगां इस बायोइथेनोल प्लांट से वार्षिक करीब रु. 1500 करोड़ का टर्नऑवर होगा और करीब 700 लोगों को प्रत्यक्ष या परोक्ष रोजगार मिलेगां इसके अलावा क्रूड ऑइल का आयात घटने से फोरेन एक्सचैंज में प्रति वर्ष 70 मिलियन यूएस डॉलर की बचत होगां इतना ही नहीं किसानों के पास से बड़े पैमान पर मक्का की खरीदी किए जाने से उनके लिए भी आय के नए द्वार खुलेंगे और उनकी आर्थिक समृद्धि बढ़ेगां

### ओमीक्रॉन की पत्नी-साला भी रिकवर

# गुजरात के पहले ओमीक्रॉन मरीज को १७ दिन में छुट्टी मिली

## नवंबर के अंत में जिम्बाब्वे से आये ७२ वर्ष के बुजुर्ग में कोरोना का ओमीक्रॉन वेरिएंट मिल गया था

गांधीनगर, १७ दिसंबर।

ओमीक्रॉन वेरिएंट की दहशत के बीच कुछ राहत के समाचार सामने आये है। गुजरात में कोरोना केस बढ़ने के साथ ओमीक्रॉन के पांच केस सामने आने पर हेल्थ विभाग सक्रिय हो गया, हालांकि जामनगर में पॉजिटिव आये मरीजों का रिपोर्ट निगेटिव आने पर प्रशासन ने कुछ राहत की सांस ली है। जामनगर में दर्ज हुए गुजरात के पहले ओमीक्रॉन केस मरीज का लगातार दूसरा रिपोर्ट भी नेगेटिव आने के बाद आखिर में १७ दिन में स्पिटल से छुट्टी मिली है। जबकि अन्य दो मरीज की रिपोर्ट भी ११ दिन के इलाज बाद नेगेटिव आने पर अस्पताल से छुट्टी दी गई है। दक्षिण अफ्रीका से शुरू हुआ कोरोना का नया वेरिएंट ओमीक्रॉन बहुत ही जल्दी से संक्रमण फैला सकता है। यह क्षमता की वजह से आज वह अफ्रीका से यूरोप, अमेरिका और एशिया सहित विश्वभर में फैल गया है। महत्वपूर्ण है कि इस दौरान दक्षिण अफ्रीका के पड़ोसी जिम्बाब्वे से जामनगर में मोरकंडा रोड पर सनसीटी क्षेत्र में ससुर के घर पर आये ७२ वर्ष के बुजुर्ग को सर्दी-बुखार की मुसीबत होने पर उनको निजी डॉक्टर के पास उपचार के लिए ले गये थे। डॉक्टर ने उनकी ट्रावेल हिस्ट्री जानकर उनका कोविड टेस्ट कराने पर मरीज का कोविड टेस्ट ३० तारीख को पॉजिटिव आया था। यह मामले में प्रशासन को जानकारी देने पर हाईरीस्क देशों से आते लोगों और दर्ज हुए कोविड मरीज के लिए गाइडलाइन के अनुसार मरीज को सीधे डेंटल अस्पताल में खड़ी की गई ४०० बेड की कोविड फेसेलीटी में आईसोलेट किया गया था। जिसके बाद १ दिसंबर को इसके सैंपल को पुना की लेबोरेटरी में जीनोम सिकवर्न्सिग के लिए भेजा गया था। जहां से ४ दिसंबर को इसे ओमीक्रॉन का संक्रमण होने का रिपोर्ट आने से खलबली मच गई है। जिसके बाद उनके संपर्क में आये सभी का ट्रेसिंग शुरू किया गया है। राज्य में ओमीक्रॉन का पहला मरीज सामने आने के बाद उनकी पत्नी और साला का भी कोविड रिपोर्ट ५ तारीख को पॉजिटिव आने से यह दोनों के सैंपल राज्य की लेबोरेटरी में गांधीनगर में भेजा गया।

जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं



सामाजिक कार्यकर अब्दुल कूद्दूस शैख के जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं

चेतन बारोट
परसोत्तम आसोणीया

सिराज अंसारी | रजनी परमार
फैसल भीस्ती | महेंद्र लैव्आ
इमरान पवार | कलीम अंसारी

मालिक-मुद्रक- प्रकाशक व संपादकः लक्ष्मीचंद जी. अग्रवाल द्वारा, ब्रिजाशा ऑफसेट, जी.एम. कम्पाउन्ड, सरसपुर, अहमदाबाद -380018 में मुद्रित करवा कर वहीं से प्रकाशित किया। प्रातः कालीन E-mail : janhitaishi@yahoo.co.in फोनः 079-22921482 Mob.9375504122, 9327086467 R.N.I. 63177/95